

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,गुरूवार 23 मार्च,2023 वर्ष—07 / अंक—301 प्रष्ठ—08 / मूल्य—2 रूपये

## कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच पीएम मोदी ने की उच्चस्तरीय बैठक

देश में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी ने आज यानी बुधवार को अहम बैठक की। इस दौरान देश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी के मुताबहिक, कोरोना के मामलों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात और सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए यह उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी।

इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को अपडेट किए गए आंकड़ों से पता चला कि भारत में 1134 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए। मौजूदा वक्त में 7,026 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इस दौरान पांच लोगों की मौत भी हुई। छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में एक—एक मौत की खबर है। इसके अलावा एक कोरोना संक्रमित की जान केरल में गई। देश में दैनिक सकारात्मकता 1.09 फीसदी दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता 0.98 प्रतिशत आंकी गई।

पांच राज्यों ने बढ़ाई सरकर की चिंता

इससे पहले 16 मार्च को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच राज्यों को चिट्ठी लिखी थी। मंत्रालय ने महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक को चिट्ठी लिखकर कोरोना के प्रति सतर्क रहने को कहा था। मंत्रालय ने परीक्षण, ट्रैक, उपचार, टीकाकरण और कोरोना से लड़ने के अनुरूप व्यवहार की रणनीति का पालन करने को कहा था। इन राज्यों में कोविड—19 मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में सरकार से फाइव फोल्ड स्ट्रैटेजी के तहत हालात पर नजर रखने और जरूरी उपाय करने को कहा है।

केरल में हालात बिगड़ने की आशंका

केरल में कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। इसके बाद राज्य सरकार ने बुधवार को सभी जिलों में अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि राज्य में मंगलवार को 172 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। तिरुवनंतपुरम और एर्नाकुलम जिलों में वायरस के मामले अधिक हैं। राज्य में फिलहाल 1,026 सक्रिय मामले हैं, इनमें 111 लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सभी जिलों को अलर्ट कर दिया गया है। जिलों को निगरानी मजबूत करने का भी निर्देश दिया गया है।

इस तरह बढ़े मामले

भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

देश में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी बुधवार को अहम बैठक की। इस दौरान देश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी के मुताबहिक, कोरोना के मामलों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात और सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए यह उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी।

इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को अपडेट किए गए आंकड़ों से पता चला कि भारत में 1134 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए। मौजूदा वक्त में 7,026 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इस दौरान पांच लोगों की मौत भी हुई। छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में एक—एक मौत की खबर है। इसके अलावा एक कोरोना संक्रमित की जान केरल में गई। देश में दैनिक सकारात्मकता 1.09 फीसदी दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता 0.98 प्रतिशत आंकी गई।

## नवरात्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी ने शक्ति उपासना कर गायों को खिलाया गुड़



चौत्र नवरात्र के प्रथम दिन बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन—पूजन किया। मुख्यमंत्री ने नवरात्र के प्रथम दिवस पर मां शैलपुत्री से सुखी, स्वस्थ व प्रसन्नचित्त उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री गोशाला गए, जहां उन्होंने गायों को गुड़ खिलाया। मंदिर परिसर में मिले बच्चों से सीएम ने बात की और चॉकलेट बांटी।

पांच दिन में तीसरे जनपद में ईश्वर के चरणों में झुकाया शीश

मुख्यमंत्री योगी ने पांच दिन के भीतर प्रदेश के कई जनपदों का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया। यहां उन्होंने ईश्वर के चरणों में शीश भी झुकाया। शनिवार को मुख्यमंत्री ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ व बाबा काल भैरव के दर्शन किए। रविवार को अयोध्या दौरे पर गए योगी ने रामलला और हनुमानगढ़ी में पूजन—अर्चन किया और बुधवार को तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी के दरबार में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री ने योगी ने प्रदेश के लोगों को नवरात्र व हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत 2080 प्रदेश की जनता के जीवन में खुशहाली लेकर आये। यही कामना है।

## जयदीप सुधाकर मोरे ने किया महाराष्ट्र का नाम रोशन




गेट एंट्रेंस एग्जाम में मिला सर्वाधिक अंक द ग्राम टुडे,मुंबई। महाराष्ट्र के पनवेल के रहने वाले युवा छात्र जयदीप सुधाकर मोरे ने गेट एंट्रेन्स एग्जाम में सर्वाधिक अंक लाकर महाराष्ट्र राज्य के साथ गेट परीक्षा में छात्रों को अव्वल नम्बर दिलाने वाली कोचिंग क्लास विजन गेट का नाम रोशन किया ।

बतादें की मुम्बई के उपनगर शहर पनवेल में रहने वाले युवा छात्र जयदीप सुधाकर मोरे ने 2023 आल इंडिया गेट एंट्रेंस एग्जाम में सर्वाधिक अंक अर्जित किया है और उनकी इस कामयाबी से उनके परिवार – रिस्तेदारो एवं विजन गेट कोचिंग क्लास के शिक्षकों में खुसी की लहर है जबकि कोचिंग क्लास की ये पहली उपलब्धी नहीं है

इसके पहले भी इस कोचिंग क्लास के सैकड़ो छात्रों ने पिछले 6 वर्षों में अपना स्थान सुनिश्चित किया है ।

जबकी 2020 में इस कोचिंग के छात्र तन्मय सुले ने आल इंडिया रैंकिंग में दूसरा स्थान तथा वर्ष 2021 में जयदीप पवार ने रैंक में पहला स्थान तथा अब वर्ष 2023 में एकबार फिर जयदीप सुधाकर मोरे ने पहला स्थान बनाकर अपना लोहा पूरे भारत देश मे मनवाया है। गेट एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट 16 मार्च को आने के बाद विजन गेट कोचिंग क्लास ने रविवार 19 मार्च 2023 को ठाणे शहर के ओवला में स्थित एक बैंकेट हाल में जयदीप सुधाकर मोरे को चीफ गेस्ट डॉ दुर्गा सिंह चौहान के सुभस्त हाथों से सम्मान चिन्ह देकर उत्साह पूर्वक जोरदार सम्मान किया ।इस मौके पर विजन गेट कोचिंग क्लास की संचालिका पूनम सिंह , प्रोफेसर राजेश सिंह वत्स एवं सभी शिक्षक तथा कई छात्रों के माता पिता मौजूद रहे।

## 29 मार्च को होगा प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन

सुजानगंज क्षेत्र के राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी एस सी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के भौतिक विज्ञान और वनस्पति विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन 29 मार्च को सुबह दस बजे आयोजित किया जाएगा ।उपरोक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश कुमार पांडे ने दी।


## किसानों को आवंटित भूखंड और प्रतीक्षा सूची को अपडेट करने की मांग



आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल गलगली ने सिडको को लिखा पत्र द ग्राम टुडे,मुंबई। नवी मुंबई के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने हाल ही में सिडको के फील्ड ऑफिसर के खिलाफ कार्रवाई की है ,जिन्होंने नवी मुंबई हवाई अड्डे के प्रभावित परियोजना पीड़ित को सिडको से मिलने वाले मुआवजे को तय करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। इस तथ्य के बावजूद आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को दी गई । जानकारी में यह बात सामने आई है कि सिडको द्वारा परियोजना प्रभावित किसानों को भूखंडों का आवंटन और प्रतीक्षा सूची अप—टू—डेट नहीं है। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने 16 फरवरी 2023 को सिडको में आवेदन किया था। इस आवेदन में अनिल गलगली ने सिडको के तहत परियोजना प्रभावित किसानों को आवंटित भूखंडों और प्रतीक्षा सूची की जानकारी मांगी थी। सिडको के सहायक विकास अधिकारी श्रीकांत पावसकर ने अनिल गलगली को बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत वस्तुनिष्ठ जानकारी उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस खण्ड में 12.5 प्रतिशत योजनान्तर्गत आवंटित भूखण्ड की जानकारी गाव वाईज एवं फाइल नम्बर के अनुसार रखी गयी है। फाइल नंबर और गांव की जानकारी देते हुए फाइल की जांच करे। अनिल गलगली के मुताबिक नवी मुंबई एयरपोर्ट का काम तेजी से चल रहा है और सिडको से प्लॉट के रूप में मुआवजे का काम भी चल रहा है। इसमें परियोजना पीड़ित को निर्मित मकान अथवा भूमि के बदले प्राप्त होने वाले भूखण्ड की पात्रता निर्धारित करने हेतु प्रस्ताव स्वीकृत करने हेतु वित्तीय लेन—देन किया जा रहा है। जानकारी अप—टू—डेट होने पर सिडको के अधिकारियों को देरी के कारण का जवाब देना होगा। शायद इसीलिए यह जानकारी अप—टू—डेट नहीं है। अनिल गलगली ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व सिडको के वाइस चेयरमैन को पत्र भेजकर आवंटन व प्रतीक्षा सूची को वेबसाइट पर प्रकाशित करने की मांग की है।

## वेमौसम हुई वारिस से क्षेत्र की 70 प्रतिशत खेती स्वाहा हर रवी किसानो के ऊपर टूटता है प्राकृतिक कहर

दि ग्राम टुंडे रीवा ब्यूरो उमेश पाठक मध्यप्रदेश आपको बता दे कि क्षेत्र का किसान (अन्नदाता) दोनो रवी में मार खाता चला आ रहा है चाहे धान रवी का समय हो या फिर गेहूँ की आपदा सिर्फ किसानो के ही ऊपर बरप रही है। आपको बता दे कि विगत 19 तारीख को शाम 6 बजे से शुरु हुई दनादन वेमौसम वारिस से क्षेत्र के किसानो की किस्मत पर पानी पड गया और किसान बेवश अपनी खेती को नष्ट होता देखता रह गया बताया गया कि इस समय पर किसानो के खेत में गेहूँ, चना, राई, मसूर, अरहर, आदि फसले पककर अतिम चरण कटने के इंतजार में थी कुछ तो फसल अभी अधपकी तो कुछ फसल कट कर खेत में पड़ी थी तो कुछ ख लि हान में पहुंच चुकी थी लेकिन 19 तारीख को प्राकृति का ऐसा कहर बरपा कि सब कुछ नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार गुढ तहसील क्षेत्र अतर्गत गुढ़, चौडियार, अमिलिहा, गाजर, मुडिया, हरदुआ, पडेरुआ, बगदरी, खामडीह, हर्दी न.1, बेला, महडाडी, खोखरा, रगनिया, भटिगवा, गुढवा, भीटा, पहाऊ, लोही, पटना, बदवार, बरसैता, पोडी, जल्दर, दुआरी, उमरिहा, रतेह, जरहा, तमरादेश, सहित खजुहा, भीटी, महसांव, बडागांव, सिलचट सहित गुढ़ के 84 गावो में ओला छोड पानी का ऐसा कहर किसानो की खेती पर बरपा है जिसे देख किसान माथा पीट रहा है खेत मे पकी खडी गेहूं की फसल काली पीली हो गई है कटी फसल पानी खा गई गिर गई राई मसूर चना साग सब्जी पूरी तरह से नष्ट हो गई अतः अब क्षेत्र के किसानो ने प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई फसल का अतिशीघ्र सर्वे करा कर सहायता प्रदान करने की मांग की जा रही है।



## कोचिंग जाते समय नाबालिक छात्रा को अगवा करने के आरोप में चार गिरफ्तार

रोशन लाल रिपोर्टर दी ग्राम टुडे पेपर सागडी आजमगढ़ कप्तानगंज पुलिस ने मंगलवार को घर से कोंचिग जाने के दौरान नाबालिक को अगवा करने के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय थाना क्षेत्र की पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सोमवार को 09:30 बजे दिन मे मेरी नाबालिग पुत्री को घर से कोचिंग खलीफतपुर जाते समय हेतुगंज बाजार से पहले दिलदारगंज पुलिया के पास सौरभ कुशवाहा पुत्र अनिल कुशवाहा निवासी झुलन टाली थाना—अनपरा जनपद सोनभद्र व उनके साथी मिथिलेश राय पुत्र अज्ञात, देवेन्द्र शर्मा पुत्र अज्ञात व मिथिलेश ठाकुर पुत्र अज्ञात द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गये।

इस सूचना पर पुलिस ने चारों के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ किया। उ0नि0 बेचू प्रसाद यादव, उ0नि0 मोहन प्रसाद, मय हमराह द्वारा चारों आरोपियों को खलिफतपुर पुलियाँ से समय रात साढ़े ग्यारह बजे गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में सौरभ कुशवाहा पुत्र अनिल कुशवाहा स्थाई पता ग्राम रमना थाना रमना जनपद गढ़वा झारखण्ड हाल पता ग्राम झुलन टाली थाना अनपरा जनपद सोनभद्र, मिथिलेश ठाकुर पुत्र हरिशंकर ठाकुर साकिन रंका कंचनपुर थाना गढ़वा जनपद पलामू झारखण्ड, देवेन्द्र शर्मा पुत्र मनीष चन्द्र शर्मा साकिन बेनीपुर थाना अतराँव जनपद प्रयागराज व मिथिलेश राय पुत्र सन्तोष राय साकिन कारो थाना चितबड़ागाँव जनपद बलिया शामिल है।



## देवी मंदिरों में कलाकारों द्वारा लोकगीत पर आधारित देवी गीत प्रस्तुत किया गया

आजादी के अमृत महोत्सव आयोजन की श्रृंखला मे प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 22 से 30 मार्च, 2023 तक जनपद के अलोपशंकरी देवी, कल्याणी देवी एवं ललिता देवी मंदिरों सहित अन्य चिन्हित मंदिरों में दुर्गा सप्तमी का पाठध्देवी गायनध्देवी जागरणध्अखंड रामायण के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को अलोपशंकरी मंदिर अलोपीबाग में दुर्गा सप्तमी का पाठध् देवी गायनध्देवी जागरणध्अखंड रामायण के कार्यक्रमों का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार, राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय संस्कृति विभाग एवम् जिला प्रशासन प्रयागराज के द्वारा किया गया। श्री अलोपशंकरी शक्तिपीठ मंदिर अलोपीबाग एवं ललिता देवी मंदिर में लोक कलाकार श्री उमेश कनौजिया और साथी कलाकारों द्वारा लोकगीत पर आधारित देवी गीत प्रस्तुत किया गया। सभी गणमान्य जनों और कलाकारों का स्वागत महानिर्वाणी अखाड़ा के पूज्य संत श्री यमुनापुरी जी महाराज द्वारा किया गया। ललिता देवी मंदिर में मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री हरि मोहन वर्मा एवं महामंत्री श्री धीरज नागर ने गणमान्य जनों और कलाकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के संत श्री शिवानंदगिरी जी महाराज,अपराजिता सिंह क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, श्री गुलाम सरवर पाण्डुलिपि अधिकारी,श्री राकेश कुमार वर्मा, श्री हरिश्चंद्र दुबे, श्री रमाकांत यादव , आशीष गौतम सहित संस्कृति विभाग के कर्मचारियों की उपस्थित रही। इसी क्रम में कल्याणी देवी मंदिर में दुर्गा सप्तमी का पाठध्देवी गायनध्देवी जागरणध् अखंड रामायण के कार्यक्रमों का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार, राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय संस्कृति विभाग एवम् जिला प्रशासन प्रयागराज के द्वारा किया गया। कल्याणी देवी मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 09 बजे से लोक कलाकार श्रीमती रागिनी चंद्रा द्वारा लोकगीत पर आधारित देवी गीत की प्रस्तुति द्वारा दी गई। इस अवसर पर मंदिर समिति के श्री अनिल पाठक, श्री ओंकारनाथ त्रिपाठी, श्री दिलीप पाठक, श्री रंगबाली पटेल सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी बीजेपी, श्री राकेश कुमार वर्मा, श्री हरिश्चंद्र दुबे सहित संस्कृति विभाग के कर्मचारियों की उपस्थित रही।

## फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन संपन्न

झुग्गी झोपड़ी रिपोर्टर इसरार अंसारी 22 मार्च आज शहर के गंगागंज मोहल्ले में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन डॉ खुर्शीद आलम एम डी के आवास पर लगाया गया जहां पर जरूरतमंद लोग शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे ब्यूरो चीफ इसरार अंसारी शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच कराई महिलाओं की तादाद ज्यादा थी ज्यादातर लोगों को मुफ्त में दवा भी दी गई

## शंकरगढ मे सैकडो की सख्यां मे स्यमंसेवको ने किया पदसंचलन,नगरवासियो ने किया पुष्पवर्षा

प्रयागराज। भारत केवल एक भूमि का टुकड़ा ही नही अपितु एक जीता जागता स्वरूप है। संघ का कार्य ईश्वरीय कार्य है। संघ के स्वयंसेवक बनने के लिए संघ के रीति नीति को समझना आवश्यक है।सनातन धर्म मे हजारो पर्व है। वर्ष प्रतिपदा, नववर्ष प्रतिपदा, संवत्सर उन पर्वो मे प्रमुख पर्व है। संवत्सर उत्पत्ति वर्ष गणना के लिए होती है। घ्तु,मास, तिथि आदि संवत्सर के ही अंग है। प्रत्येक संवत्सर का आरंभ चौत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से होता है। कल्प का प्रथम दिन, सतयुग के प्रारंभ होने का भी प्रथम दिन होने से इसे कल्पादि तथा युगाब्द भी कहते है। महाप्रतापी राजा विक्रमादित्य, शालिवाहन आदि के नाम से भी इसका नामकरण किया गया। सनातन धर्म के दृष्टि में चौत्र मास प्रतिपदा से ही ब्रम्हा जी ने सृष्टि का प्रारंभ किया था। यह मास उत्पत्ति एवं प्रलय दोनो का विधान करता है। उक्त उद्गार जिला प्रचारक यमुनापार आलोक जी ने खण्ड शंकरगढ़ के वर्ष प्रतिपदा के बौद्धिक मे स्वयंसेवको को सम्बोधित करते हुए कहा। जिला प्रचारक ने आगे कहा हिन्दू नव–वर्ष प्रतिपदा प्रकृति के नवरूप मे परिणित होकर नवपुष्पो–फलो तथा नए पल्लवो से शोभायमान होकर नए वर्ष आगमन की सूचना देते है। जीवन मे संतुलन बना रहे इसके लिए नवरात्रि एवं शक्ति उपासना की जाती है। संघ २०२५ मे शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है। विश्व के तमाम आनुषंगिक संगठनों के साथ जन–जन तक संघ के विचारो का विस्तार करना ही स्वयं सेवको का प्रमुख दायित्व है। कार्यक्रम में गणगीत, एकल गीत,अमृतबचन, बौध्दिक के बाद स्वयंसेवको ने ध्वज प्रणाम कर प्रार्थना किया। पूरे नगर में पूर्ण गणवेश के साथ सैकड़ों स्वयंसेवको ने पथ संचलन किया। जिनका जगह–जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। अध्यक्षता राम खेलावन ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खण्ड संचालक सूर्यकांत, जिला सहकार्यवाह अभिषेक,जिला बौध्दिक प्रमुख मुकेश,खण्ड कार्यवाह नरेंद्र, जितेन्द्र बहादुर,खण्ड प्रचारक आशुतोष, रमेश, प्रेमचन्द,अनूप कुमार, दिलीप कुमार, सुजीत आदि के साथ सैकड़ों स्वयं सेवको ने हर्षोल्लास के साथ भाग लेकर नववर्ष प्रतिपदा एवं नवरात्रि की एक–दूसरे को शुभकामनाएं दी।

## मुख्य कोषाधिकारी श्री शिवेन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है

कि संज्ञान में आया है कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा कोषागार प्रयागराज के नाम से पेंशनरोंध्पारिवारिक पेंशनरों को पेंशन से सम्बंधित डाटा बताकर एरियर तथा अन्य भुगतान करने का लालच देकर उनसे बैंक खाते का विवरण, आधार संख्या तथा मोबाइल नम्बर में प्राप्त ओ0टी0पी0 संख्या मांग कर उनके खाते से अवैध तरीके से आहरण करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने समस्त पेंशनरों को सूचित किया है कि कोषागार स्तर से किसी भी भुगतान हेतु दूरभाषध्मोबाइल से बैंक खातेध् आधारध्ओ0टी0पी0 की कोई भी जानकारी पेंशनरों से नहीं मांगी जाती है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की अपेक्षित सूचना से किसी को भी दूरभाषध्मोबाइल से अवगत न करायें।

## राया पुलिस ने दस माह बाद कब्र से निकाला शव



जय शंकर सारस्वत
दि ग्राम टुडे

मथुरा– बलदेव थाना क्षेत्र के गांव छिबरऊ से सोमवार को राया पुलिस ने कब्र की खुदाई कर एक शव को निकलवाया जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सोमवार को राया पुलिस बलदेव थाना क्षेत्र के गांव छिबरऊ पहुंची और कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना दस महीने पुरानी राया थाना क्षेत्र के सादाबाद रोड़ की है जहां गांव तंम्बका के समीप गोपाल ढाबा चलाता था उस पर मुनेश पुत्र पातीराम निवासी छिबरऊ काम करता था। 9 अगस्त 2022 को मोटरसाइकिल की किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना हो गई थी जिसमें मुनेश गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए आगरा ले जाया गया वहां उसकी मौत हो गई और परिजनों ने शव को कब्र में दफन कर दिया। मुनेश की पत्नी सुहाना अपने मायके मांट मूला चली गई। मृतक की पत्नी सुहाना ने 12 दिसंबर 2022 को कोर्ट के माध्यम से मुकदमा दर्ज कराया जिसमें सुहाना ने अपने पति की हत्या करने का आरोप लगाया जिसमें ढाबा मालिक गोपाल निवासी तंम्बका थाना राया, ससुराल पक्ष के मुकेश,अफसर विष्णु एवं मुक्को पर हत्या करने का आरोप लगाकर मुकदमा थाना राया में दर्ज किया गया। हत्या का मुकदमा दर्ज होने पर राया पुलिस हरकत में आ गई और नायब तहसीलदार हेमंत कुमार एवं बलदेव चिकित्सा प्रभारी डॉ राहुल सिंह की मौजूदगी में कब्र से शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सीओ महावन आलोक सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा हत्या का नामजद मुकदमा लिखाया गया था जिसकी जांच चल रही थी कब्र से कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर मौत का कारण मालूम होगा।

## वे मौसम बरसात और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई के लिए भाकियू अराजनैतिक ने जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन




जय शंकर सारस्वत

दि ग्राम टुडे मथुरा– भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने आगरा मंडल में बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे को लेकर जिलाधिकारी मथुरा को ज्ञापन सौंपा. जिसमें मांग की गई है कि किसान की पकी हुई सरसों और गेहूं व आलू की फसल सौ प्रतिशत बर्बाद हो चुकी है जिसके कारण किसान बर्बाद हो चुका है जिसकी भरपाई के लिए सूबे के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रति एकड़ पचास हजार रुपये मुआवजा देने की मांग की है। मंडल अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि मंडल के सभी जिलों में बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि के कारण किसानों की गेहूँ सरसों और आलू की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है जिसकी भरपाई के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन भेजकर प्रति एकड़ सभी किसानों को पचास हजार रुपये मुआवजा देने की मांग की है. ड्रोन या सेटेलाइट के माध्यम से किसानों की बर्बाद फसल का ईमानदारी से सर्वे कराया जाए और मुआवजा दिया जाए. किसानों पर बकाया बिजली बिल और किसान क्रेडिट कार्ड या अन्य किसी प्रकार के बकाया की बसूली फिलहाल नही की जाए. राजकुमार तौमर ने कहा कि अगर 15 दिन में किसानों की बर्बाद फसल का सर्वे कराकर मुआवजा नही दिया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक मंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारियों का घेराव करेगी।ज्ञापन के दौरान राजकुमार तौमर मंडल अध्यक्ष आगरा

उदयवीर सरपंच अवधेश रावत मुकेश रावत छोटू चौधरी लाल सिंह तोमर भूरा पहलवान मानसिंह सुंदरलाल तेजपाल नरोत्तम कन्हैया चौधरी रमेश पंडित लेखराज सिंह समेत दो दर्जन से अधिक भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## फूलचंद ग्रामीण महिला पीजी कॉलेज में स्काउट गाइड और राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

रोशन लाल रिपोर्टर सगड़ी–आजमगढ –सगड़ी तहसील क्षेत्र के फूलचंद ग्रामीण महिला पीजी कॉलेज नरहनखास में छात्राओं का रोवर स्काउट, रेंजर गाइड कार्यक्रम आयोजित किया गया जो कि पांच दिन चलेगा साथ ही बी.एस सी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम आयोजित किया गया, यह कार्यक्रम सात दिन चलेगा। महाविद्यालय के सह प्रबंधक आनंद प्रकाश यादव ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के जीवन में आने वाली मुसीबतों से लड़ने के लिए यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अवधेश यादव जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड ने बताया कि 5 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में छात्राओं को विषम परिस्थितियों में किस प्रकार से हम निकल सकते हैं। यह स्काउट गाइड की गतिविधि सिखाती है और इस शिविर से यह साबित भी होता है। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल यादव जयनाथ यादव,मिथिलेश,शमशेर,विजय, शशिकांत,सौरभ,सानिया, प्रिया,सुमन,अभिलाषा,विंध्याचल हवलदार चौहान,अभिषेक यादव उपस्थित रहे ।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिला पोषण समिति की बैठक



दि ग्राम टुडे दिलीप कुमार कादीपुर संवाददाता

सुलतानपुर ।मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में कन्वर्जेन्स विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शासन द्वारा स्वीकृत कुल आगनबाडी केन्द्र भवन, आगनबाडी केन्द्रो का अपग्रेडेशन तथा विद्युतीकरण, एनआरसी में बच्चों के संदर्भन,पोषण वाटिका, आदर्श आगनबाडी केन्द्रों पर समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेन्द्र प्रसाद द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 12 नये आगनबाडी केन्द्र भवनों का निर्माण हो रहा है जो शीघ्र ही पूर्ण हो जायेगा इसी प्रकार पुराने 04 आगनबाडी की की मरम्मत का कार्य भी किया जा रहा है आगनबाडी केन्द्रों विद्युतीकरण का कार्य भी किया जाना है। माह फरवरी में एनआरसी में 17 सैम बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराकर उनका इलाज कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त समस्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा एनआरसी में और अधिक बच्चों को भर्ती कराकर स्वस्थ बनाने हेतु निर्देश दिया गया तथा अवगत कराया गया कि दिनांक 20 मार्च से 03 अप्रैल तक पोषण पखवाडा आयोजित होना है भारत सरकार के निर्देश के क्रम में इस वर्ष भी 20 मार्च 2023 से 03 अप्रैल 2023 तक पोषण पखवाडा अयोजित किया जाना है। वर्ष 2023 अर्न्तराष्ट्रीय ''डपससमज ल्मंत '' के रूप में मनाया जा रहा है जिसके क्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत समक्ष आगनबाडी एवं पोषण 2.0 के निर्देशों में ''डपससमज ल्मंत '' (मोटा अनाज) के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु जनसामान्य को प्रोत्साहित एवं जागरूक किये जाने की अपेक्षा की गई है। पोषण पखवाड़ा में आयोजित स्वस्थ बालक–बालिका स्पर्धा में 0 से 06 वर्ष आयु के बच्चों की लम्बाईध्ऊंचाई तथा वजन लेते हुये पोषण ट्रैकर पर फीड कराया जायेगा। समुदाय को पोषण एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं प्रदान करने के लिये आगनबाडी केन्द्र एक महत्वपूर्ण इकाई है, जिसे सक्षम आगनबाडी केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना आवश्यक है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 20 मार्च 2023 से 03 अप्रैल 2023 तक आयोजित पोषण पखवाड़ा हेतु निम्न तीन मुख्य थीम निर्धारित किया गया है– 1–(मोटा अनाज) के उपभोग हेतु प्रोत्साहन एवं जागरूकता 2–स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का आयोजन 3–सक्षम आगनबाड़ी केन्द्रों को प्रोत्साहन इस हेतु जिलाधिकारी द्वारा जारी कार्ययोजना पोषण पखवाड़ा के अर्न्तगत ग्राम, विकास खण्ड व जनपद स्तर पर कन्वर्जेन्स विभागों के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। दिवसवार आयोजित गतिविधियों की फीडिंग भारत सरकार के जनआन्दोलन पोर्टल पर की जायेगी। इस हेतु पोषण पखवाडा के दौरान विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन वृहद स्तर पर किया जाना है इस हेतु जिलाधिकारी महोदया द्वारा दिनांक 20 मार्च 2023 से 03 अप्रैल 2023 तक आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को जनसमुदाय के साथ कराये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई है, जो समस्त सम्बन्धित को प्रेषित की जा चुकी है, जिसके साथ इस बाबत सम्बन्धित विभाग के यूजर आईडी एवं पासवर्ड भी संलग्न हैं। पोषण पखवाडा में वजन दिवस, स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा, पोषण रैली,गृह भ्रमण, पोषण मेला, समुदाय आधारित गतिविधियां प्रभात फेरी, पौधारोपण, पोषण वाटिका महिला स्वयं सहायता समूहों की बैठकें आदि पोषण से सम्बन्धित कन्वर्जेन्स विभाग यथा,कृषि विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज विभाग,खाद्य एवं रसद विभाग,शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, युवा एवं खेल विभाग, आयुष विभाग, स्किल डेवलपमेंट, सूचना विभाग, समाज कल्याण विभाग,अल्पसंख्यक कल्याण आदि विभागों द्वारा संयुक्त रूप से पखावाड़ा में प्रतिभाग किया जायेगा। इस सम्बन्ध में समस्त कन्वर्जेन्स विभागोंध्सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है कि अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित गतिविधियों का निर्धारित तिथियों में आयोजन सुनिश्चित कराते हुये प्रत्येक दिवस की गतिविधि के फोटोग्राफ (प्रतिदिन न्यूनतम 500) भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के जन आन्दोलन डैशबोर्ड ीजजचरूध्ध् चवेींदंइीपलंद. हवअ.पद पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, उपायुक्त एनआरएलएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित समस्त कन्वर्जेन्स विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वैदिक मंत्रों के बीच शीतला माता मंदिर पर हुआ शुद्धि संकल्प एवं भूमि पूजन

रोशन लाल रिपोर्टर सगड़ी–आजमगढ़–सगड़ी तहसील के हरसिंहपुर गांव स्थित शीतला माता मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को वैदिक मंत्रों के साथ शुद्धि संकल्प एवं भूमि पूजन किया गया। जिसमें सैकड़ों महिला पुरुषों ने शामिल होकर पूर्ण भक्ति भाव से श्री राम का उद्घोष किया।बुधवार से नवरात्रि पर्यंत श्री राम कथा का अमृत पान स्वामी उमाकांतानंद सरस्वती जी कराएंगे।क्षेत्र के लोगों की आस्था के केंद्र शीतला माता मंदिर परिसर में नवरात्र के प्रथम दिन से श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। इसके लिए एक सप्ताह से तैयारियां चल रही है। क्षेत्र के लोगों को इस पुनीत कार्य में उपस्थित होने के लिए आमंत्रण भेजा गया है। भव्य पंडाल का निर्माण करा कर, साफ–सफाई शीतला माता मंदिर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा की गई है। समिति के धर्मेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह,राम अवध सिंह, जयशंकर सिंह, रामाश्रय सिंह, महातम सिंह, रमेश सिंह, राजेश सिंह, चंद्रशेखर सिंह, हृदय नारायण सिंह,मनोज सिंह,अरुण सिंह सहित सैकड़ों मंगलवार को भूमि पूजन और शुद्धि संकल्प मे उपस्थित होकर कार्यक्रम की शुरुआत की। आयोजन समिति के लोग धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में जी जान से जुटे हुए हैं। पिंटू सिंह ने बताया कि श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी उमाकांतानंद सरस्वती जी के सानिध्य में आयोजित रामकथा में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होंगे। इसी क्रम में जीयनपुर के प्राचीन शिव मंदिर में वृंदावन की किशोरी जी का कार्यक्रम रखा गया है।9 दिनों तक किशोरी जी क्षेत्र के लोगों को ज्ञान गंगा प्रवाहित करेंगी। इसकी जानकारी देते हुए ज्ञानेंद्र मिश्रा ने क्षेत्र के लोगों से सहयोग और शामिल होने की अपील की।

# आजमगढ़ में एसपी ने फिर 12 की खोली हिस्ट्री शीट, 16 को गैंग के रूप में किया सूचीबद्ध,

रोशन लाल रिपोर्टर

दी ग्राम टुडे पेपर सगड़ी आजमगढ़ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ अनुराग आर्य का अपराधियों के खिलाफ एक्शन जारी है, कोई ऐसा दिन नहीं है, जिस दिन अपराधियों के ऊपर बड़ी से बड़ी कार्रवाई ना होती हो, इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने अभियुक्त मनीष राम व इसके 03 सदस्यों को आपराधिक गैंग के रूप में किया सूचीबद्ध किया, सूचीबद्ध किए गए लोगों में रामनिवास रैदास पुत्र स्व0 रामहित निवासी जगरनाथ सराय थाना रानी की सराय, 2. सूबेदार पुत्र स्व0 नखडू निवासी जगरनाथ सराय थाना रानी की सराय, 3. देवेन्द्र पुत्र सुबेदार राम निवासी जगरनाथ सराय थाना रानी की सराय शामिल हैं, इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने दिनेश उर्फ दीपू व इसके 05 सदस्यों को शराब तस्कर गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया है, शराब तस्करों के नाम है, 1.कपिलदेव यादव पुत्र विरेन्द्र यादव निवासी कुड़ेभार खनियरा थाना देवगांव, पवन राय पुत्र स्व0 जयप्रकाश राय निवासी उबारपुर थाना गम्भीरपुर, 2. संतोष उर्फ शोले पुत्र शिवपूजन निवासी खनियरा थाना देवगाँव, 4.अतुल कुमार पुत्र धर्मेन्द्र निवासी अछीछी थाना गम्भीरपुर, 5.मुख्तार उर्फ मुन्ना राजभर पुत्र शिवनाथ राजभर निवासी महावल टाडा थाना तरवां, इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने अभियुक्त रणविजय यादव व इसके 08 सदस्यों को आपराधिक गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया है, इन अपराधियों के नाम है, 1. इन्दल यादव पुत्र हरिश्चन्द यादव निवासी सोनहरा थाना बरदह, 2.चन्देलाल यादव पुत्र मुन्नी लाल यादव निवासी सोनहरा थाना बरदह, 3.प्रकाश यादव पुत्र बेकारू यादव निवासी सोनहरा थाना बरदह, 4.शशिकान्त यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी सोनहरा थाना बरदह, 5.लालबहादुर यादव पुत्र फरई यादव निवासी सोनहरा थाना बरदह, 6. रामलवट यादव पुत्र धनई यादव निवासी सोनहरा थाना बरदह, 7.अमित यादव पुत्र रणविजय यादव निवासी सोनहरा थाना बरदह, 8.रविन्द्र यादव पुत्र बेकारू यादव निवासी सोनहरा थाना बरदह शामिल हैं, पुलिस अधीक्षक अनुराग में हत्या के प्रयास, गोवध, चोरी, एनडीपीएस व आबकारी में संलिप्त रहें 12 अपराधियों के विरूद्ध हिस्ट्रीशीट भी खोली है। जिसमें थाना गम्भीरपुर से 06, थाना सिधारी से 02, फूलपुर से 01, तहबरपुर से 01, मेंहनगर से 01 व थाना कप्तानगंज से 01 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी, जिनकी निगरानी पुलिस के द्वारा की जा रही है।

12 अपराधियों के नाम निम्नवत है–1. अफसार अहमद उर्फ जुम्मन पुत्र हेसामुद्दीनपुर निवासी मदारपुर, थाना गम्भीरपुर, आजमगढ़ (गोवध)

2. मोहम्मद अलीम पुत्र अब्दलु हई निवासी मदारपुर, थाना गम्भीरपुर, आजमगढ़ (गोवध)

3. बुनेल उर्फ आसिफ पुत्र कल्लू उर्फ कलीम निवासी मुहम्मदपुर थाना गम्भीरपुर, आजमगढ़ (गोवध)

4. इसराईल पुत्र अपूव कुरैशी निवासी वार्ड नं0–09 कस्बा मेंहनगर, थाना मेंहनगर, आजमगढ़ (गोवध)

5. बेलाल पुत्र मुस्तकीम निवासी सदरपुर बरौली, थाना फूलपुर, आजमगढ़ (गोवध)

6. मो0 अकबर पुत्र मो0 सत्तार निवासी छोटा जमालपुर, थाना सिधारी, आजमगढ़ (आबकारी)

7. सोनू राजभर पुत्र निन्हक राजभर निवासी समेंदा, थाना सिधारी, आजमगढ़ (आबकारी)

8. फकरूद्दीन पुत्र मो0 असगर निवासी रसूलपुर बाज बहादुर, थाना गम्भीरपुर, आजमगढ़ (आबकारी)

9. जिलाजीत पुत्र स्व0 विदेशी राम निवासी तहबरपुर, थाना तहबरपुर, आजमगढ़ (एनडीपीएस) 10. फेसल पुत्र तुफैल अहमद निवासी मुहम्मदपुर गम्भीरपुर, आजमगढ़ (एनडीपीएस)11. मुहम्मद उमर पुत्र मुहम्मद मुख्तार निवासी कोहडोरा, गम्भीरपुर, आजमगढ़ (चोरी)12. मुकेश यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी कुशमहरा, थाना कप्तानगंज, आजमगढ़ (हत्या का प्रयास)

# सम्पादकीय

## शर्मिन्दगी

एक माँ अपने बेटे को पुकारती हुई बेटे के कमरे में आई , और बोली तुम यहाँ टी वी देख रहे हो और मैंने तुम्हे कहाँ कहाँ न खोजा। बेटा ये टीवी पर क्या देख रहे हो, जिसमें तू इतना व्यस्त हो।

फुटबॉल का मैच चल रहा है माँ ।ष बेटा ने बोला ।

अच्छा । ये भी कोई मैच है बस गेंद को इधर से उधर फैंकते रहो । मेरी भी हालत इस गेंद की तरह ही है ।

वो कैसे माँ । बेटा बोला ।

और क्या बेटे, मेरी जिंदगी को तुम दोनों भाईयों ने बांट जो रखा है । 6 महीने तुम्हारे पास काटूं जिन्दगी फिर 6 महीने बड़े बेटे के पास । तुम्हारे पापा स्वर्ग क्या सिधारे मेरा घर ही नहीं रहा । बस इस गेंद की तरह कभी इस पाले में तो कभी उस पाले में । माँ बेटे से बोलते हुए अपने कमरे में गयी और अपना सामान बँधने लगी क्योंकि इस पाले में उसके 6 महीने पूरे हो गए थे ।

बेटा ने शर्मिन्दगी से सिर झुका कर माँ को समान बाँधते हुए बस देखता रहा ।

नवनीत कुमार, बिहार।


## कलयुग के लक्षण उपाय एवं शिव भक्ति पर विशेष



दैनिक दिग्राम टुडे न्यूज
वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार अजय कुमार मांझी
बांद्रा हर्ष रघुनाथ भवन
अयोध्या धाम
मोबाइल नंबर – 9453544158
भगवान शिव की सदा जय हो

भगवान शिव की कृपा सभी भक्तों पर होती है शिवभक्त से दूर रहता है कलयुग,1. कुटुम्ब कम हुआ . 2 सम्बंध कम हुए 3. नींद कम हुई. 4. बाल कम हुए 5. प्रेम कम हुआ 6. कपड़े कम हुए 7. शर्म कम हुई 8 लाज–लज्जा कम हुई 09 मर्यादा कम हुई 10. बच्चे कम हुए 11. घर में खाना कम हुआ 12. पुस्तक वाचन कम हुआ 13. भाई–भाई प्रेम कम हुआ 15. चलना कम हुआ 16. खुराक कम हुआ 17. घी–मक्खन कम हुआ 18. तांबे – पीतल के बर्तन कम हुए 19. सुख–चौन कम हुआ 20. मेहमान कम हुए 21. सत्य कम हुआ 22. सभ्यता कम हुई 23. मन–मिलाप कम हुआ 24. समर्पण कम हुआ...संतान को दोष न दें...बालक या बालिका को श्इंग्लिश मीडियमश में पढ़ाया..अंग्रेजी,बोलना सिखाया..श्बर्थ डेश और श्मैरिज एनिवर्सरीश,जैसे जीवन के 'श्शुभ प्रसंगोंश को श्अंग्रेजी कल्चरश के अनुसार जीने को ही श्श्रेष्ठश मानकर..माता–पिता को श्मम्माश औरश्डैडश' कहना सिखाया..जब श्अंग्रेजी कल्चरश से परिपूर्ण बालक या बालिका बड़ा होकर, आपको श्समयश नहीं देता, आपकी श्भावनाओंश को नहीं समझता, आप को श्तुच्छश मानकर श्जुबान लड़ाताश है और आप को बच्चों में कोई श्संस्कारश नजर नहीं आता है, तब घर के वातावरण को श्गमगीन किए बिनाश... या..श्संतान को दोष दिए बिनाश्कहीं श्एकान्तश में जाकर श्रो लेंश.क्योंकि...पुत्र या पुत्री की पहली वर्षगांठ से ही,भारतीय संस्कारोंश' के बजाश्केकश कैसे काटा जाता है ? सिखाने वाले आप ही हैं..हवन कुण्ड में आहुतिश' कैसे डाली जाए..श्मंदिर, मंत्र, पूजा–पाठ, आदर–सत्कार के संस्कार देने के बदलेश..केवल श्फर्राटेदार अंग्रेजीश बोलने को ही,अपनी श्शानश समझने वाले आप...बच्चा जब पहली बार घर सेबाहरनिकलातोउसे,श्प्रणाम–आशीर्वादश्के बदले,बाय–बायश कहना सिखाने वाले आप..परीक्षा देने जाते समय,श्इष्टदेवध्बड़ों के पैर छूनेश के बदले,कह कर परीक्षा भवन तक छोड़ने वाले आप.बालक या बालिका के श्सफलश होने पर, घर में परिवार के साथ बैठ कर श्खुशियाँश मनाने के बदले...होटल में पार्टी मनानेश की श्प्रथाश को बढ़ावा देने वाले आप..बालक या बालिका के विवाह के पश्चात..श्कुल देवता ध् देव दर्शनश,को भेजने से पहले...श्हनीमूनश' के लिए श्फॉरेनध् टूरिस्ट स्पॉटश भेजने की तैयारी करने वाले आप.ऐसी ही ढेर सारी श्अंग्रेजी कल्चर्सश को हमने जाने–अनजाने श्स्वीकारश कर लिया है.अब तो बड़े–बुजुर्गों और श्रेष्ठों के श्पैर छूनेश में भी श्शर्मश आती है..गलती किसकी.मात्र आपकी श(माँ–बाप की)श्अंग्रेजी 'श्भाषाश है.इसे श्सीखनाश है.इसकी श्संस्कृतिश को,श्जीवन में उतारनाश्नहीं है.मानो तो ठीक.नहीं तो भगवान ने जिंदगी दी है.चल रही है, चलती रहेगी.आने वाली जनरेशन बहुत ही घातक सिद्ध होने वाली है, हमारी संस्कृति और सभ्यता विलुप्त होती जा रही है, बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं और इसमें मैं भी हूं , अंग्रेजी सभ्यता को अपना रहे,सोच कर, विचार कर अपने और अपने बच्चे, परिवार, समाज, संस्कृति और देश को बचाने का प्रयास करें.हिन्दी हमारी राष्ट्र औ 'मातृ भाषा है इसको बढ़ावा दें, बच्चों को जागरूक करें ताकि वो हमारी संस्कृति और सभ्यता से जुड़ कर गौरवशाली महसूस करें भगवान शिव की भक्ति से कलयुग निकट नहीं आ पाता है वह कलयुग में रहते हुए कलयुग से दूर रहता है यह भगवान शिव की महिमा है !

## नवरात्रि पर शक्ति आराधना का महत्व



नवरात्रि यानी शक्ति की पूजा आराधना , शक्ति की आराधना हमारे समाज में दर्शाती है कि स्त्री एक शक्ति है और शक्ति के बिना तो शिव भी अधूरे हैं, फिर हम सामान्य इंसान की तो बात ही क्या करें? नवरात्र में चाहे पुरुष हो या स्त्री सभी शक्ति की पूजा आराधना करते हैं , मां को मनाते हैं, उन्हें पुकारते हैं।पुरुष के द्वारा की गई पूजा अर्चना बताती है कि उन्हें भी शक्ति एक स्त्री से मिलती है, जन्म के समय मां और फिर कभी बहन, भाभी, पत्नी बेटी के माध्यम से शक्ति के साथ यह रिश्ता ताउम्र चलता है और हमारे जीवन में स्त्री शक्ति का महत्व दर्शाता है। स्त्री जब शक्ति की आराधना करती है तो उसका महत्व है कि मां दुर्गा हमें बताती है कि नारी तो नारायणी है,हम अबला नही सबला है बस अपने अंदर की शक्ति को हमें पहचाना है। शक्ति का दुर्गा नाम भी अपने में कई अर्थ समेटे हैं। दुर्ग यानी कोई किला यानी हृदय ,जब हम अपने मन मंदिर (दुर्ग) के द्वार दुर्गा की पूजा आराधना के लिए सच्चे मन से खोलते है, उस शक्ति को मां कहकर पुकारते हैं, तब मां दुर्गा का निवास ,अपने दुर्ग यानी अपने हृदय में उसका निवास पाते हैं और दयामयी मां दुर्गा की कृपा का वरदहस्त अपने आप पर अवश्य पाते हैं।कब से बैठी तेरे दर पर मैया, भर दो झोली खाली,

सारे बिगड़े काम बना दो,

मेरी मैया शेरावाली वाली।

जय मां,जय अम्बे।

## आओ प्रकृति के साथी बनें



आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए नागरिकों की सहभागिता मील का पत्थर साबित होगी – एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर आज हर देश पर्यावरण समस्याओं का सामना कर रहा है जिसका समाधान खोजने उसपर अमल करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी देश एकत्रित होकर पर्यावरण की सुरक्षा के मुद्दों पर अनेक उपायों की चर्चा कर उसके क्रियान्वयन करने में लगे हुए हैं जिसमें पेरिस समझौता सहित अनेक ऐसे समझौते शामिल हैं जो मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत न केवल हर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग प्रदान कर रहा है बल्कि घरेलू स्तरपर भी अनेक लक्ष्यों को भी अपने टारगेट समय से पूर्व पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय स्तरपर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक सामाजिक, सहकारी, सरकारी, निजी संस्थाएं कार्य कर रही है परंतु अगर वास्तव में हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो हर नागरिक को इस पर्यावरण सुरक्षा संबंधी यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति देनी होगी और अभियान चलाकर, आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें, का नारा देना होगा! मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा तथा अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी ऐसी सोच रखनी होगी।


साथियों बात अगर माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, विज्ञान के क्षेत्र में नईप्रौद्योगिकीयों को खोजने तथा ऐसे नवोन्मेषण करने की अपील की जो पर्यावरण के अनूकूल मूल्यों को बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा, हमें प्रकृति का साथी बन जाना चाहिए तथा जीवों के साथ साथ प्रकृति के निर्जीव तत्वों के प्रति भी श्रद्धा और सम्मान की भावना रखनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि धीरे धीरे मानव सभ्यता हमारे समय की पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर करेगी तथा हम सभी के लिए एक खुशहाल, समृद्ध, न्यायसंगत तथा टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी।

उन्होंने पर्यावरण के क्षरण पर चिंता जताई और कहा कि पृथ्वी के इकोसिस्टम का निर्माण इस तरह से किया गया है कि किसी एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में प्रभाव केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह पूरे विश्व को सन्निहित कर लेता है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए हमारे सामने कार्बन उत्सर्जन का मामला है। भले ही यह एक देश में हो रहा हो, निश्चित रूप से यह अन्य सभी देशों को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि वैश्विक पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में, सभी शिखर सम्मेलन, सम्मेलन, संधियां तथा समझौते, चाहे वह रियो समिट हो या डेजर्टिफिकेशन से मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन कन्वेंशन, क्योटो प्रोटोकॉल या पेरिस सम्मेलन, वे सभी समान रूप से एक सुर में कार्य करने के लिए विश्व के सभी देशों का मार्गदर्शन करते हैं। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में, भारत ने अपनी परंपरा और संस्कृति से निर्देशित होकर निरंतर मृदा संरक्षण क लिए कार्य किया है। केवल मिट्टी पर ध्यान केंद्रित करने के जरिये मृदा संरक्षण नहीं किया जा सकता। हमने इससे जुड़े सभी घटकों जैसे वनीकरण, वन्य जीवन, आर्द्र भूमि आदि को संरक्षित करने और बढ़ाने का कार्य किया है। केवल सामूहिक प्रयासों से ही सामूहिक समस्याओं का निदान संभव होगा। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सभी मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास करें और एक साथ मिल कर एक बेहतर विश्व की ओर बढ़ें।उन्होंने मिट्टी बचाओ अभियान को उम्मीद की किरण बताया क्योंकि इससे यह विश्वास पैदा होता है कि इस अभियान के माध्यम से विश्व भर के लोग आने वाले समय में मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल मिट्टी की रक्षा करने बल्कि मानव सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करने का भी एक प्रयास है।उन्होंने पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने के लिए प्रेरित करने के अतिरिक्त लोगों को योग के माध्यम से अधिक प्रसन्नचित्त तथा अधिक सार्थक जीवन जीवन जीना सिखाने के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देकर भारत ने अपनी सीमा के भीतर रहने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लोगों को अपना परिवार माना है। श्री सद्गुरु ने अपने काम से निश्चित रूप से एक नया पर्यावरण आंदोलन पैदा करने के लिए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, वह मिट्टी बचाओ जैसे अभियानों तथा अध्यात्मिकता के माध्यम से दिव्य संदेश दे रहे हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ प्रकृति के साथी बनें। आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें। मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए नागरिकों की सहभागिता मील का पत्थर साबित होगी।

संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

## कविता जिन्दा हैं तो, संवेदना नहीं मर सकती



विश्व कविता दिवस की शुभ कामनाओं के साथ कहना चाहता हूँ कि जब तक दुनिया में कविता जिन्दा हैं, संवेदना कभी नहीं मर सकती हैं जिस दिन डिलों से कविता मर जायेगी समझों उस दिन दुनिया से संवेदना, मनवीयता

खत्म हो जायेगी और इससे बुरा कुछ नहीं हो सकता हैं

लुप्त हो रही संवेदना को, मनवीयता को एक कविता ही है जो प्राण डाल जीवन्त रखे हुए हैं

ऐसे समय पर मै उन महान साहित्य करों को भी कहना चाहता हूँ कि दुनिया में संवेदना को, मनवीयता को जिन्दा देखना चाहते है तो सहज सरल बने कुछ नहीं रखा है अहम् मै खुद का ही पतन है फिर एक दिन सभी को जाना है तो किस बात का किस अंहम

पाले सहज सरल बने और अपने लेखनी की संवेदना को और मनवीयता को जीवन्त रखते अधिक से अधिक आम नागरिक तक अपनी बात अपनी संवेदना व्यक्त करे उन तक पहुंचा कर सुख और सुकूंन पाये तभी आपकी लेखनी की सार्थकता है कोई अर्थ नहीं किताबों में बन्द कुछ अपने ही अहम् पाले साहित्य करों तक समिति रह जाएगी जो कभी भी आपके अस्तित्व को आपकी लेखनी को सत्य होकर भी अच्छी होकर भी स्वीकार नहीं करेगा उसका अहम् उसे उसकी अनुमित नहीं देता है इस लिए बेहतर यही है खूब लिखे अच्छा लिखे और आनेवाले कल को पीढ़ी को प्रेरणा देता लेखन कर खुद को समाज को देश को सही दिशा निर्देश दे सुखद अहसास पाये अभी भी वक्त है कि हम अपना अहम् त्याग करअपनी लेखनी को आम आदमी तक आम जनता तक पहुँचा कर एक नेक और सार्थक कार्य को सुखद अंजाम देते कविता को, संवेदना को और मनवीयता को जिन्दा रखे यही आशा के साथ मै अपनी लेखनी को विराम देते विश्व हिन्दी कविता को प्रणाम करता हूँ जिसने दुनिया में संवेदना मावनीयता को जिन्दा रखा है

डॉ रामशंकर चंचल
झाबुआ
मध्य प्रदेश

विश्व कविता दिवस पर एक बेहद सार्थक आलेख

## चौत्र नवरात्रि आज से प्रारंभ,22 मार्च 2023 से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2080 पर विशेष



बंदना हर्ष रघुनाथ भवन
अयोध्या धाम मोबाइल नंबर – 9453544158

भगवान शिव की सदा जय हो, भगवान शिव सभी पर कृपा करें ,हिंदू कैलेंडर का पहला महीना चौत्र और आखिरी महीना फाल्गुन होता है। हर साल चौत्र प्रतिप्रदा तिथि से नया विक्रम संवत शुरू हो जाता है, इस बार संवत्सर का नाम पिंगल होगा, राजा बुध ग्रह होंगे और मंत्री शुक्र ग्रह होंगे।

अपना हिंदू विक्रम संवत 2080 अंग्रेजी कैलेंडर के वर्ष 2023 से 57 वर्ष आगे होगा। इसी दिन से चौत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि से 9 दिनों तक देवी दुर्गा की उपासना का महापर्व भी आरंभ हो जाएगा। हिंदू कैलेंडर का पहला महीना चौत्र और आखिरी महीना फाल्गुन होता है। हर साल चौत्र प्रतिप्रदा तिथि से नया विक्रम संवत शुरू हो जाता है, आइए जानते है विक्रम संवत के बारे में विशेष बातें...

हिंदू नववर्ष से जुड़ी खास बातें.


.1– विक्रम संवत की शुरुआत राजा विक्रमादित्य ने शुरू किया था। राजा विक्रमादित्य ने अपनी विक्रम संवत के शुरू होने पर अपनी जनता के सभी कर्जों से राहत प्रदान की थी। विक्रम संवत हर साल चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू हो जाती है। इस संवत को गणितीय नजरिए से एकदम सटीक काल गणना माना जाता है। विक्रम संवत को राष्ट्रीय संवत माना गया है। नए विक्रम संवत के शुरूआत होने पर देश के अलग–अलग स्थानों पर इसके अलग–अलग नामों से जाना जाता है।

2– चौत्र महीना जोकि हिंदू नववर्ष का पहला महीना होता है यह होली के बाद शुरू हो जाता है। यानी फाल्गुन पूर्णिमा तिथि के बाद चौत्र कृष्ण प्रतिपदा लग जाती है फिर भी उसके 15 दिन बाद नया हिंदू नववर्ष क्यों मनाया जाता है? दरअसल इसके पीछे क्या तर्क है कि हिंदू पंचांग के अनुसार कृष्ण पक्ष पूर्णिमा से अमावस्या तिथि के 15 दिनों तक रहता है और कृष्ण पक्ष के इन 15 दिनों में चंद्रमा धीरे–धीरे लगातार घटने के कारण पूरे आकाश में अंधेरा छाने लगता है। सनातन धर्म का आधार हमेशा अंधेरे से उजाले की तरफ बढ़ने का रहा है यानि "तमसो मां ज्योतिर्गमय"। इसी वजह से चौत्र माह के लगने के 15 दिन बाद जब जब शुक्ल पक्ष लगता है और प्रतिपदा तिथि से हिंदू नववर्ष मनाया जाता है। अमावस्या के अगले दिन शुक्ल पक्ष लगने से चंद्रमा हर एक दिन बढ़ता जाता है जिससे अंधकार से प्रकाश की समय आगे बढ़ता है।3–चौत्र माह की प्रदिपदा तिथि पर ही महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, माह और वर्ष की गणना करते हुए हिंदू पंचांग की रचना की थी। इस तिथि से ही नए पंचांग प्रारंभ होते हैं और वर्ष भर के पर्व, उत्सव और अनुष्ठानों के शुभ मुहूर्त निश्चित होते हैं।4–पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि का निर्माण किया था। इस वजह से भी चौत्र प्रतिपदा तिथि का इतना महत्व है।5– इसी दिन से नया संवत्सर भी आरंभ हो जाता है इसलिए इस तिथि को नवसंवत्सर भी कहते हैं। सभी चारों युगों में सबसे पहले सतयुग का प्रारम्भ इसी तिथि यानी चौत्र प्रतिपदा से हुआ था। यह तिथि सृष्टि के कालचक्र प्रारंभ और पहला दिन भी माना जाता है,6–चौत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर भगवान राम, ने वानरराज बाली का वध करके वहां की प्रजा को मुक्ति दिलाई। जिसकी खुशी में प्रजा ने घर–घर में उत्सव मनाकर ध्वज फहराए थे। हिंदू नववर्ष को महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा तथा आंध्र प्रदेश में उगादी पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। भगवान झूलेलाल की जयंती, चौत्र नवरात्रि का प्रारम्भ, गुड़ी पड़वा,उगादी पर्व मनाए जाते हैं,8– चौत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना की जाती है जहां पर मां दुर्गा के नौ अलग–अलग स्वरूपों की पूजा होती है। नवमी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव और फिर चौत्र पूर्णिमा पर भगवान राम के सबसे प्रिय भक्त हनुमान की जयंती मनाई जाती है,9– हिंदू कैलेंडर में कुल 12 माह होते हैं जो इस प्रकार है। चौत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन,10– हिंदू कैलेंडर के सभी महीने नक्षत्र के नाम पर रखे गए हैं। पूर्णिमा तिथि पर जो नक्षत्र रहता है उसी नक्षत्र के नाम पर हिंदी महीनों के नाम रखे गए हैं। जैस चौत्र का महीना चित्रा नक्षत्र के नाम पर रखा गया इसी प्रकार वैशाख विशाखा के नाम पर, ज्येष्ठ ज्येष्ठा नक्षत्र के नाम पर। इसी तरह सभी 12 हिंदू महीनों का नाम नक्षत्रों के नाम रखा गया है। नए संवत के दिन कैसे मनाएं नए सम्मत के दिन को ठीक वैसे ही मनाना चाहिए जैसे अन्य प्रमुख त्योहारों को मनाते हैं घर की साफ सफाई करके घर को सजाना चाहिए और इस दिन रसोई में पकवान जरूर बनाने चाहिए मंदिर में जाकर अपने आराध्य को पकवान का भोग लगाकर नया संवत मंगलमय रहे ऐसा आशीर्वाद मांगना चाहिए इस बार के राजा बुद्ध हैं इसलिए धर्म स्थान पर हरी सब्जियां दान करनी चाहिएं !

## ग्रामीण चिकित्सा में सुधार के लिए मोबाइल हेल्थ क्लीनिक बेहद जरूरी

गरीबी व पिछड़े राज्यों के लिए अधिकाधिक मोबाइल हेल्थ क्लीनिक शुरू करना बेहद आवश्यक है, ताकि घर–घर लोगों को स्वास्थ्य सेवा मिल सके। किसी भी राष्ट्र की समृद्धि वहां के लोगों के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है, क्योंकि सेहतमंद लोग ही अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा सकते हैं। केंद्रीय बजट वर्ष 2023–24 में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 89,155 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो पिछले बजट से 13 प्रतिशत अधिक है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी (आरएचएस)–2020 के अनुसार, देश में 1,57,921 उप–स्वास्थ्य केंद्र, 30,813 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 5,649 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1,193 अनुमंडलीय अस्पताल और 810 जिला अस्पताल हैं। आरएचएस के अनुसार, देश भर में क्रमशः 24 प्रतिशत एससी, 29 प्रतिशत पीएचसी व 38 प्रतिशत सीएचसी की कमी बताई गई है। अभी 10,423 पीएचसी सप्ताह में 24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं। सवाल है कि इतने स्वास्थ्य केंद्र होने के बावजूद ग्रामीण उप–स्वास्थ्य केंद्रों का हाल बुरा क्यों है? क्या जर्जर, अभावग्रस्त, निष्क्रिय और मृतप्राय उप–स्वास्थ्य केंद्र के भरोसे ग्रामीणों का स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है?सच तो यह है कि इन उप–स्वास्थ्य केंद्रों पर केवल टीकाकरण और किसी विशेष अवसरों पर कागजी खानापूर्ति के लिए ही नर्स या स्वास्थ्य सेवक उपस्थित होते हैं। बाकी दिनों में ये उप–स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से ठप रहते हैं। चिकित्सा की कोई सुविधा न होने के कारण लोग ग्रामीण स्तर पर इलाज करने वाले अवैध चिकित्सकों की शरण में जाते हैं और कभी–कभार उनकी जान जोखिम में पड़ जाती है।प्रखंड स्थित पीएचसी जाने के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। यह जरूर है कि प्रसव व परिवार नियोजन हेतु प्रखंड स्तर पर सरकार की अच्छी व्यवस्था है, जहां जाकर बच्चा–जच्चा, दोनों ही सुरक्षित व स्वस्थ होकर घर लौटते हैं। आशा दीदी भी गर्भवती महिलाओं की सेहत की सुरक्षा के बारे में घर–घर जाकर जानकारियां देती हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कई स्वास्थ्य केंद्र केवल दिखावा से अधिक कुछ नहीं हैं।बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के पश्चिमी दियारा के लोगों का स्वास्थ्य भी भगवान भरोसे है। जिले के साहेबगंज और पारु प्रखंड के हजारों लोगों को इलाज के लिए प्रखंड स्थित पीएचसी जाने के लिए 15–20 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यदि पीएचसी में इलाज नहीं हुआ, तो उन्हें जिले के निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराना पड़ता है। पारू प्रखंड स्थित पीएचसी में एक्सरे व अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है। दवा एवं जांच कराने के लिए भी अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है। कई ग्रामीणों की शिकायत है कि आयुष्मान कार्ड रहते हुए भी उन्हें इसलिए शहरों का रुख करना पड़ता है, क्योंकि गांव के स्वास्थ्य केंद्र में नाममात्र की सुविधा होती है। शहर के अस्पतालों में भी कार्ड से सभी बीमारियों का इलाज नहीं होता है। फिर शहर आने–जाने का खर्च भी अलग लगता है। उनका कहना है कि पीएचसी का संचालन नियमित होना चाहिए, ताकि निर्धन व बेबस लोगों का इलाज हो सके।हेल्थ इंडेक्स के मुताबिक, स्वास्थ्य के मामले में बिहार और उत्तर प्रदेश का सबसे अधिक बुरा हाल है। इंडेक्स में 20वें एवं 21वें स्थान पर बिहार व उत्तर प्रदेश हैं, जबकि शीर्ष तीन राज्यों में केरल, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र हैं। साफ तौर पर कहा जा सकता है कि भारत में स्वास्थ्य के मामले में अभी और काम करने की जरूरत है। बिहार में 10 मोबाइल हेल्थ क्लीनिक शुरू किया गया है, जिनमें से तीन को महिला स्वास्थ्य सेवा के लिए तैयार किया गया है। मोबाइल हेल्थ क्लीनिक सराहनीय कदम है। गरीबी व पिछड़े राज्यों के लिए अधिकाधिक मोबाइल हेल्थ क्लीनिक शुरू करना बेहद आवश्यक है, ताकि घर–घर लोगों को स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में भक्ति संध्या का आयोजन



मुंबई। जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर के जन कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में 23 मार्च, गुरुवार को शाम 3 बजे से 6 बजे तक भक्ति संध्या का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की आयोजक लोढ़ा फाउंडेशन की अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मंजू लोढ़ा और श्रीमती हुलासी वानीगोता ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि गांव देवी स्थित शारदा मंदिर हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में संगीतकार नरेंद्र वानीगोता और संगीतकार आशीष मोरखिया भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में आरती थाली की भी प्रतियोगिता रखी गई है। प्रथम तीन क्रमांक के विजेताओं के साथ–साथ सांत्वना पुरस्कार पाने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। पिछले 15 वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## सोनू हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट के नेतृत्व राजस्थानी संस्कृति में रैंप वॉक परफोर्मेंस



बिरला ओडिटिरियम जयपुर में आयोजित शिमर मिसेज राजस्थान 2023 समारोह में सोनू हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट और एजुकेट गर्ल्सने रैंप वॉक पर अपना शानदार परफोर्मेंस दिया,,,पिछले काफी समय से सोनू हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट की ओर से युवतियों और महिलाओं को निशुल्क विभिन्न तरह के कार्यों का प्रशिक्षण दे रहा है,जिसमे सिलाई, ज्वैलरी मेकिंग,ब्यूटीशियन,चाय पेकिंग,कंप्यूटर कोर्स जैसे कार्य सिखाए जा रहे है,,,, इस कार्यक्रम में सुनीता छाबड़ा के नेतृत्व में एज्युकेट गर्ल्स और सोनू हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट ने अपने हाथो से तैयार की गई राजस्थानी संस्कृति को बढ़ावा देने और राजस्थान की पहचान कही जाने वाली राजपूती ड्रेस घाघरा,कुर्ती, चुन्नी,पीली लुगड़ी पहन कर रैंप वॉक पर अपना शानदार परफोर्मेंस दिया,,, इस कार्यक्रम में सोनू हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट अध्यक्षा सुनीता छाबड़ा,डिंपल सोनी रेखा बैरवा,कृष्णा महावर,शुभम गोतम,पूनम गोतम, याशिका जैन सहित ने भाग लिया,,,जिसमे स्टेट लीड सुनील शेखर शर्मा जी,एस एम ई विपुल शर्मा जी,डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज ज्ञान प्रकाश शर्मा भी उपस्थित रहे,,,।

## फर्जी तरीके से समिति का गठन शिकायत कर पुन: गठन की मांग


परसरामपुर बस्ती। विकासखंड के अंतर्गत साधन सहकारी समिति लि शंकरपुर में फर्जी तरीके से कमेटी गठन किया गया है। फर्जी कमेटी गठन होने की शिकायत समिति के पूर्व अध्यक्ष बृजेंद्र नारायण पांडेय ने जिला सहायक निबंधक एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी बस्ती को पत्र देकर पुनः समिति का गठन सही ढंग से कराने की मांग की है साथ ही समिति के डायरेक्टर सत्यनारायण सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर डीएम समेत जिले के उच्च अधिकारियों को असंवैधानिक तरीके से किए गए गठन को निरस्त कराने की मांग की है।शिकायती प्रार्थना पत्र के मुताबिक साधन सहकारी समिति लि शंकरपुर परशुरामपुर बस्ती में कमेटी गठन असंवैधानिक तरीके से किया गया है जिसमें ना तो सदस्यों से मीटिंग की गई और ना ही चुनाव संबंधी कोई कागजात दिया गया। बिना चुनाव कराए मनमानी तरीके से समिति के सचिव द्वारा समिति का फर्जी तरीके से गठन किया गया है जोकि गलत व अन्याय पूर्ण है। समिति के चुनाव के समय चुनाव अधिकारी के अनुपस्थिति में सचिव द्वारा फर्जी तरीके से गठन कर मनमाने तरीके से अपने लोगों को समितियों अन्य संस्थाओं में एक ही नाम को 3–3 पदों पर गठन किया गया है। इस बात को लेकर समिति के सदस्यों में आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त है तथा सदस्यों ने न्याय संगत चुनाव कर समिति का गठन कराने की मांग की। ए आर आशीष श्रीवास्तव ने बताया की समिति गठन संबंधी शिकायत मिली है जांच कराई जा रही है जांच उपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।

## कवि अशोक कुमार यादव श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान से हुए सम्मानित




कलम की ताकत साहित्यिक संस्थान,भारत के द्वारा होली के अवसर पर पन्द्रह दिवसीय आयोजन दिनांक 01 से 15 मार्च 2023 तक होलिका दहन विषय पर कविताएं आमंत्रित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष एवं संस्थापक अमरजीत सिंह, उपाध्यक्ष मनजीत कौर, मीडिया प्रभारी क्रांति पाठक, अलंकरण अधिकारी सुशील कुमार पाठक, कार्यक्रम आयोजक, विषय प्रदाता एवं प्रवर्तक प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव और सचिव रामजी त्रिवेदी हैं। इस प्रतियोगिता में मुंगेली, छत्तीसगढ़ कवि, साहित्यकार एवं राष्ट्रीय कवि संगम इकाई के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव को उत्कृष्ट काव्य सृजन करने हेतु श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान पत्र मिलने पर संगीता यादव, खुशी साहू, कमलेश साहू, रवि यादव, मोहन उपाध्याय, जलेश यादव, संतोष कुर्रे, प्रदीप दुबे, रोहित सोनवानी, मनोज डहरिया, आनंद साहू, मनीष डहरिया, राजू साहू सहित अन्य दोस्तों, परिजनों और कवियों ने शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी।

## शायरी और गजल की दुनिया की एक जनप्रिय शायरा प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम



उत्तर प्रदेश के उरई जिले में एक शिक्षिका के रूप में कार्यरत है।

गजलकार एवं शायर के रूप में लोकप्रिय है।भारत में अनेक जनप्रिय शायर एवं गजलकारों ने आम जनमानस के दिलों में अपनी दस्तक दी है।आज के समय में उत्तर प्रदेश के उरई की धरती पर एक कलमकारा ने अपनी एक अलग पहचान कायम की है। एक होनहार शायर एवं गजलकारा के रूप में एक जाना पहचाना नाम है जिन्होंने अपनी गजलों से आम जनमानस के दिलों पर आजकल छाई हुई है।जी हां हम बात कर रहे उरई की कवयित्री शायर एवं गजलकारा प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम जी की।प्रिया श्रीवास्तव ने बहुत कम समय में उत्तर प्रदेश के एक जिले से निकलकर आज पूरे भारत में अपनी गजलों से शेरों से सभी साहित्य प्रेमियों को बहुत प्रभावित किया है।प्रिया श्रीवास्तव ने अपने उस्ताद जनाब नासिर अली नदीम से गजलों और शेरों की बारीकियां सीखीं है।प्रिया को बचपन से कविता और शायरी का शौक रहा है। स्कूल और कालेज के दिनों में ही पुरस्कार मिलने से उनका रुझान बढ़ता चला गया। 2015 में प्रयागराज की संस्था गुफ्तुगु द्वारा सुभद्रा कुमारी चौहान पुरुस्कार से सम्मानित की जा चुकी है।ये पुरस्कार देश के 11 रचनाकारों को मिला था।इस संस्था द्वारा 2019 में कैफी आजमी सम्मान भी प्राप्त किया है।प्रिया श्रीवास्तव को साहित्य में सारस्वत सम्मान, उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री नीलिमा कटियार द्वारा लेखन के क्षेत्र में मिशन शक्ति के अंतर्गत अनंता पुरस्कार, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश पर्यटन मंत्री जयवीर द्वारा शक्ति स्वरूपा सम्मान भी उन्होंने प्राप्त किया है। डीडी उर्दू द्वारा जश्ने साहिर कार्यक्रम में आयोजित मुशायरे में भी उन्होंने शिरकत किया था जिसमें देश के चुनिंदा शायरों को ही आमंत्रित किया जाता है।देश के अनेक प्रतिष्ठित संस्थाओं के ऑनलाइन पटलों पर भी उन्होंने अपनी काव्य प्रस्तुति दी है। अनेक साहित्यिक पुरस्कारों से भी प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम को सम्मानित किया जा चुका है।उत्तर प्रदेश में शिक्षिका के पद पर कार्य करते हुए उन्होंने अपनी लेखनी से हिन्दी साहित्य और हिंदुस्तान को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है।मीडिया से बात करते हुए प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम ने अपने इस मुहिम में साथ देने के लिए अपने परिवार के सदस्यों स्पेशली अपने पतिदेव प्रगति श्रीवास्तव को और अपने सभी साहित्यिक मित्रो,अपने उस्ताद के प्रति आभार प्रकट किया है जिन्होंने हमेशा उनके कार्यों को सराहा है और अपना सहयोग प्रदान किया है।

## साहित्य, संगीत, और कलाओं को समर्पित संगोष्ठी हुई धूमधाम से सम्पन्न



जयपुर राजस्थान। साहित्य, संगीत और कलाओं को समर्पित अमराई की साहित्य– संगीत गोष्ठी रविवार, 19.03.2023 को वरिष्ठ साहित्यकार एवं संस्कृत विदुषी कुसुम शर्मा अदिति के सी – स्कीम स्थित आवास पर संपन्न हुई। बेमौसम के बादल और गोष्ठी के समय से पूर्व हुई तेज बारिश ने व्यवधान उत्पन्न करने के प्रयास किए लेकिन कवियों और साहित्य प्रेमियों के उत्साह के समक्ष मौसम ने भी समर्पण कर दिया।कार्यक्रम के आरंभ में ईश स्मरण के साथ साकार श्रीवास्तव ने सर्वधर्म समभाव से पूरित अमराई गीत प्रस्तुत किया। काव्य सत्र का आरंभ करते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी और कवि अरुण ठाकर ने छंद और होली रचना सुनाई। तदुपरांत आयोजक कुसुम शर्मा अदिति ने संस्कृत रचना प्रस्तुत की जिसकी सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की व आनंद लिया। कविताओं के क्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ एल एन शर्मा श्निर्भयश ने राजनीति पर व्यंग्य तथा नीतिपरक मुक्तक पेश किये। छंद काव्य की मुक्तहस्त कवियित्री नम्रता शर्मा ने होली तथा अन्य छंद रचनाएं सुना कर तालियॉ बटोरीं। वहीं वरिष्ठ कवियित्री मनोरमा माथुर ने नवीन रचना श्दिन बीता और शाम ढलीश और मधुमास की मधुर बयार की खद्बूसूरत रचनाएं सुनाकर आनंदित किया। खद्बुशमिजाजी से भरपूर शैलेश सोनी चिरंजीव ने मुक्तकों में अपनी बात कह कर वाहवाही पाई। वरिष्ठ समीक्षक डॉ सुषमा शर्मा ने नम्रता शर्मा की पुस्तक श्जीवन तपती धूपश की संक्षिप्त समीक्षा कर पुस्तक की सराहना की। काव्य सत्र के अंत में संयोजक और संचालक साकार फलक ने रचना श कान्हा ऐसो खेलो फागश सुनाई जिसे सुनकर सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए तालियों से बातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के अंत में पुरुषोत्तम कुमार ने फिल्म चिराग का गीतश चिराग दिल का जलाओ सुना कर माहौल को संगीतमय कर दिया।

पिछली बार की तरह ओपन लाइब्रेरी कुछ नयी किताबों के साथ उपलब्ध थी जिसमें से उपस्थित साहित्यकारों ने अपनी पसंद की किताबें लीं जिन्हें वे अगली गोष्ठी में वापिस ले कर आएंगे। कुसुम शर्मा अदिति और के एल शर्मा के आतिथ्य–सत्कार उपरान्त अगली गोष्ठी में मिलने की आशा के साथ सभी ने विदा ली।

## परम् वीतरागी व भजनानंदी संत थे बाबा रामदास महाराज : बड़े भगतजी महाराज



वृन्दावन।दावानल कुंड क्षेत्र स्थित करह आश्रम मेंविजय राघव सरकार ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे 19 वें अष्टदिवसीय सियपिय मिलन महोत्सव के अंतर्गत संपन्न हुए संत–विद्वत सम्मेलन मेंआश्रम प्रभारी बड़ेभगतजी महाराज व राम अवतार भगतजी ने कहा कि करह बिहारी सरकार बाबा राम दास महाराज परम् वीतरागी व भजनानंदी संत थे।उन जैसी पुण्यात्माओं का अब युग ही समाप्त हो गया है।उनकी स्मृतियां आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा व ऊर्जा प्रदान करती रहेंगी।प्राचार्य अनिल शास्त्री व भागवताचार्य विवेक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव करह बिहारी सरकार बाबा राम दास महाराज अत्यंत चमत्कारिक संत थे।उनकी वाणी अत्यंत सिद्ध थी।वे जिससे जो कुछ कह देते थे,उनकी वह वाणी अक्षरशरू सत्य सिद्ध होती थी।अखंडानंद आश्रम के पुस्तकालयाध्यक्ष संत सेवानंद ब्रह्मचारी व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि करह आश्रम के संस्थापक करह बिहारी सरकार बाबा राम दास महाराज अत्यंत सेवाभावी संत थे।उनके द्वारा समूचे देश में कई स्थानों पर जो सेवा प्रकल्प संचालित किए गए वो आज भी उनके आशीर्वाद से निरन्तर तीव्र गति से चल रहे हैं।जिनसे असंख्य व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं।इससे पूर्व राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त प्रख्यात रासाचार्य स्वामी पंडित फतेह कृष्ण शर्मा की रास मंडली द्वारा रासलीला का अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक मंचन किया गया।रात्रि को सरस भजन संध्या आयोजित की गई।जिसमें कई ख्यातिनामा भजन गायकों ने श्रीराधा–कृष्ण की महिमा से ओत–प्रोत भजनों का गायन कर सभी को भाव–विभोर कर दिया।

इस अवसर पर दीनबंधु दास महाराज,संत वनमाली दास महाराज, दिनेश बाबा, रासाचार्य राधाकांत शर्मा, युवा साहित्यकार डॉ. आर.के. शर्मा, पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ, पंडित ईश्वरचंद्र रावत आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी
9412178154

## बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित पूर्वांचल के किसानों की फसलों का तुरन्त मुआवजा दिया जाय : एड पवन कुमार सिंह



सोनभद्र। अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा की एक बैठक तहसील परिसर में मोर्चा के महेंद्र प्रताप सिंह एड की अध्यक्षता एवं संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप जायसवाल ने किया ! बैठक में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि होने पर विचार विमर्श किया गया ! मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एड पवन कुमार सिंह ने कहा कि रबी सीजन में हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से पूर्वांचल के किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है ओलावृष्टि और बारिश से जिन गांवों में नुकसान हुआ है, वहां शीघ्र सर्वे कराया जाए, जिससे खराब हुई फसलों का उचित मुआवजा किसानों को मिल सके। साथ ही पिछले वर्ष नष्ट हुई खरीफ फसल का मुआवजा और बीमा राशि भी शीघ्र दी जाए। मौसम साफ होते ही बची हुई फसलें किसान काटेंगे, इसलिए सर्वे जल्द से जल्द कराया जाए, क्योंकि फसल कटने के बाद नुकसान का आंकलन नहीं हो पाएगा। यदि मांगें पूर्ण नहीं हुईं ! सुरेश सिंह ने कहा कि किसानों को समय से मुआवजा न मिलने के कारण उनके सामने सबसे बड़ा संकट पेट भरने का होता है. फसल बर्बादी और कर्ज के बोझ तले दबे किसान, बड़ी संख्या में अपना गांव छोड़कर पलायन को मजबूर होते हैं पूर्वांचल में उपेक्षा के कारण बड़ी संख्या में किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेंगे ! मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव अशोक कनौजिया ने कहा कि गेहूं, चना एवम् सरसों रवी की मुख्य फसल है। इस समय भारी बारिश अनाज के मौसम में बदल सकती है। पिछले कुछ दिनों में पुर्वांचल में भारी बारिश हुई है। ऐसे में किसानों को बर्बादी का डर सता रहा है। जानकारों का कहना है कि अगर बारिश ज्यादा हुई तो अनाज के उत्पादन को निश्चित रूप से नुकसान होगा। तेज हवा, बारिश और ओलों के कारण अनाज की फसल खेतों पर ही गिर गई। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के कई जिलों से भी अनाज बर्बाद होने की खबरें आ रही हैं ! इस अवसर पर काकू सिंह, अनिल कुमार सिंह, आनंद ओझा,अतुल कुमार कनौजिया, पवन कुमार द्विवेदी, सन्तोष चतुर्वेदी, देपनारायण पटेल, नवीन पांडेय, प्रदीप चौहान आदि लोग उपस्थित थे !

## वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी की पदोन्नति विदाई में भावुक हुए कर्मचारी



मुंबई। बृहन्मुंबई महानगरपालिका जीध्दक्षिण विभाग लोअर परेल के स्वास्थ्य विभाग के वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी डॉ देवेन्द्र गोल्हार को प्रशासकीय नियमानुसार वरिष्ठ वैद्यकीय अधिकारी के रूप में पदोन्नति मिलने पर सम्मान समारोह रखा गया। सम्मान समारोह में सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दो शब्द रखते हुए शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी जहां डॉक्टर गोल्हार के साथ 5 वर्ष किस तरह आपसी प्रेम अर्थात एक परिवार के रूप में कार्य करते हुए निकल गया पता ही नहीं चला। डॉक्टर को शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए कर्मचारियों की भावुकता व आपसी प्रेम ने अपने से विभक्त होते देख सभी की आंखों में आंसू आ गए। विभाग के सभी कर्मचारियों ने मिलकर अपने अधिकारी को उपहार भेंट किया बदले में डॉक्टर देवेंद्र ने अपने सभी कर्मचारियों को अपने तरफ से रिटर्न गिफ्ट प्रदान किया। विदाई समारोह में डॉक्टर प्रियंका,डॉक्टर हर्षल वाघ,डॉक्टर प्रज्योत चौहान,डॉक्टर मिहिर पलई, डॉक्टर मयूर नरवाडे,डॉक्टर अमोल दरोई,सीडीओ राजेश सुरवाड़े,वरिष्ठ सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल धुरी,दीपक बारिया, कुलकर्णी सर,समीर सर,सं. निरीक्षक दयाराम यादव, सुनील मोरे,रघुनाथ दुधम,चौतन्य रावल एवं सं.नि.अन्वेषक विनय कुमार शर्मा,संतोष इंदुलकर,उन्मेष कामतेकर, सुनील कर्पे, भारती पेडणेकर, श्रेया जांभले, नेहा जाधव, हीरा वसावे, किरण सोनावणे, गणेश गणगड़े, अमित शिंदे, ऋषिकेश कदम,प्रदीप राठौड़, शैलेश रहाटे एवं प्रतीक आंब्रे,लिपिक राहुल, जन्म एवं मृत्यु लिपिक भोसले,राणे,कुड़े एवं फणशेखर,संतोष प्रभुलकर,सुर्वे,विलास काकडे,विश्वनाथ,प्रिया,गौरव मुख्य रूप से उपस्थित थे।सम्मान समारोह के अंत में डॉक्टर गोल्हार सर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि भविष्य में पारिवारिक रूप से यदि किसी को भी किसी रुप अथवा परिस्थिति में मेरी आवश्यकता पड़ती है तो मुझे अवश्य याद कीजिए मैं प्रत्येक मोड़ पर मिलूंगा।

## नव संवत्सर ही भारतीय संस्कृति का नववर्ष : स्वामी मधुसूदनाचार्य महाराज



वृन्दावन।सेवाकुंज गली स्थित श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में भारतीय नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर संत समागम का आयोजन श्रील भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदनाचार्य गोस्वामी महाराज (विश्वबन्धु) के पावन सानिध्य में किया गया।जिसमें देश–विदेश के अनेक संतों, धर्माचार्यों एवं भक्तों – श्रृद्धालुओं ने भाग लिया।

श्रील भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदनाचार्य गोस्वामी महाराज ने कहा कि नव संवत्सर ही भारतीय संस्कृति का नववर्ष है। जो कि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ होता है।इस दिन किए हुए दान व पुण्य अनन्त गुणा फलदाई होते हैं।इस तिथि की गणना साढ़े तीन स्वयं सिद्ध अत्यंत शुभ मुहूर्तों में सर्वप्रथम की जाती है।वस्तुतरू यह तिथि सृष्टि का उत्पत्ति दिवस अर्थात आदि तिथि है।

ब्रज साहित्य सेवा मंडल के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि ष्ब्रह्मपुराणष के अनुसार चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के ही दिन जगतसृष्टा ब्रह्माजी ने सृष्टि रचना का कार्य प्रारम्भ किया था।यह तिथि सतयुग की प्रारम्भिक तिथि है।इसीलिए इस तिथि को ही नव संवत्सर का प्रारम्भ होता है।साथ ही समस्त सनातन धर्मावलंबी इस तिथि को नववर्ष प्रारम्भ की तिथि के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।

ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के ही दिन मां दुर्गा की आराधना का पर्व चौत्र नवरात्रि प्रारम्भ होता है। साथ ही इसके अंतिम दिन भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी पर्व के रूप में अत्यंत श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया जाता है।

इस अवसर पर भक्तिवेदांत दामोदर महाराज, भक्तिवेदांत साधु महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, पंडित ईश्वरचंद्र रावत, भक्तिमयूर भिक्षु महाराज,स्वामी विष्णु महाराज, गोविंद महाराज, प्रेम प्रदीप दास,राजू, राधानाथ दास एवं रविकुमार शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया।

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी
9412178154

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना पैलानी का किया निरीक्षण



बांदा। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र द्वारा थाना पैलानी का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखों, अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, आगन्तुक रजिस्टर आदि का अवलोकन किया गया। लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, हिस्ट्रीशीटरों पर निगरानी, टाप–10 अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही के साथ–साथ जिला बदर अपराधियों व गुंडा माफियाओं पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। मालखाना व शस्त्रों का निरीक्षण कर साफ सफाई का जायजा लिया गया एवं थाना में चल रहे लघु एवं वृहद निर्माण कार्यों के गुणवत्ता को भी चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों को भी दुरुस्त करने के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के उपरान्त थाने पर नियुक्त पुलिस कर्मियों के साथ सैनिक सम्मेलन कर कर्मचारियों की समस्याओं को सुन कर उनका निराकरण किया गया तथा उनके कार्यो की समीक्षा कर आगामी त्योहारों के शान्तिपूर्वक व सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क का जायजा लेते हुये महिला आरक्षियों को निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले महिला सम्बन्धी अपराधों को शालीनता से निस्तारित कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# प्रभात गौर माँ वरूणा सम्मान स्मृति सम्मान से हुए बनारस में सम्मानित



माँ वरूणा महोत्सव 19.3.2023 को शाश्त्री घाट वरूणा पुल बनारस में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम के संयोजक आदरणीय श्री वरिष्ठ कवि इन्द्रजीत तिवारी निर्भीक जी द्वारा बहुत सुन्दर मंच संचालन हुआ। मुख्य अतिथि आदरणीय श्री कपाली बाबा पीठाधीशवर काशी,विशिष्ट अतिथि आदरणीय श्री प्रदीप मिश्र अजनबी जी दिल्ली से आये हुए थे। बताया जाता है कि यह कार्यक्रम कवि स्वर्गीय नरेन्द्र नाथ दूबे अडिग एडेवोकेट द्वारा स्थापित वर्ष 2004 से निरन्तर जारी माँ वरूणा महोत्सव के स्मृति में आयोजित होता आ रहाँ हैं। आदरणीय प्रभात गौर जो कि नेवादा जंघई प्रयागराज उत्तर प्रदेश से उन्हें भी इस कार्यक्रम में काव्य पाठ का अवसर मिला।झारखण्ड से आई आदरणीया ममता मनीष सिन्हा जी,भोजपुर आरा से आदरणीय नरेन्द्र जी,हंडिया से आदरणीय अमित जी,मेरठ से आदरणीया सीमा मंजरी जी सभी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के संयोजक एवं समस्त कार्यकारणी समूह को हृदय की अनन्त गहराइयों से धन्यवाद् ज्ञापित करता हूँ।

# सनशाइन ऑफ इंडिया ने मनाया विश्व प्रसन्नता दिवस

एक मुस्कुराहट खुद के नाम जिंदगी की आपाधापी में और एक दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ –दौड़ में जाने अनजाने उन सब बातों को भूलते जा रहे हैं जो हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा हैस इसी हिस्से से जुड़ी है हमारी प्रसन्नता। अगर आज किसी से प्रसन्नता को लेकर सवाल किया जाए कि आप खुश हैं तो शायद बहुत कम लोग होंगे जो इस प्रश्न का उत्तर बहुत अच्छे ढंग से दे पाएंगे। जब चित्त प्रसन्न होता है वही प्रसन्नता वास्तविक प्रसन्नता मानी जाती है और चित वास्तव में तब प्रसन्न रहता है जब हम सकारात्मक लोगों के आसपास रहेस अपने उन कार्यों पर विशेष ध्यान दें जो हममें सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं जो कार्य हमारे जीवन को नीरस बनाते हैं पर हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है उन में धीरे–धीरे परिवर्तन लाएं अपने ढंग से ताकि हमारे द्वारा किया जाने वाला कार्य हमें प्रसन्नता देस गाने सुनाना,व्यायाम करना डांस करना आदि सकारात्मक क्रियाकलाप हमारे चित्त को हमेशा प्रसन्न रखते हैं स खुद की सराहना करना अपने आप में एक विश्वास जगाना,नकारात्मक बातों को भूलने की कोशिश करनास नकारात्मक लोगों से दूर रहना स आत्ममंथन करना यही सभी बातें हमारे चित्त को प्रसन्न रखती है स इसी प्रसन्नता को खुशी को कायम रखने के लिए लोगों में एक जागरूकता लाने के लिए नया जोश भरने के लिए सनशाइन ऑफ इंडिया ने विश्व प्रसन्नता दिवस बड़ी धूम–धाम से मनायास इस कार्यक्रम में पंजाब हरियाणा राजस्थान गुजरात उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ उत्तराखंड महाराष्ट्र चेन्नई राज्य के साथ–साथ केंद्र शासित लगभग 60 महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया स इसका आयोजन श्रीमती रेखा हिसार प्रबंधक सनशाइन ऑफ इंडिया ने अपनी टीम की सहायता से किया ।

कोऑर्डिनेटर प्रतिभा शर्मा तृप्ति शर्मा सविता बंसल सुशीला शर्मा के साथ–साथ कार्यक्रम की सफलता पर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आई.जी.आर.एस. की बैठक हुई सम्पन्न

सुलतानपुर 21 मार्चधजिलाधिकारी महोदया जसजीत कौर के कुशल निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्यमंत्री सन्दर्भ, जिलाधिकारी सन्दर्भ, ऑनलाइन प्राप्त सन्दर्भ, भारत सरकार पी0जी0 पोर्टल सन्दर्भ, शासनधराजस्व परिषद निदेशालय सन्दर्भ, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, वरिष्ठधपुलिस अधीक्षक, महिला हेल्प डेस्क, एन्टी भू–माफिया सहित आदि सन्दर्भों के कुल 60786 शिकायत प्राप्त, जिसके सापेक्ष 58682 सन्दर्भ विभिन्न विभागों द्वारा निस्तारित किये गये तथा 2098 लंबित सन्दर्भ व 06 डिफाल्टर सन्दर्भ के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि निधारित समय में निस्तारित किये जायें,बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों का निराकरण शीर्ष प्राथमिकताओं के अनुरूप किये जायें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारी समयानुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र अनूप कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ ग्लोब इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत जनपद सुलतानपुर में हस्ताक्षरित ओएमयू को धरातल पर उतारने के लिये निवेशकों को भूमि, विद्युत, वन विभाग सहित अन्य विभागों से एन.ओ.सी. की समस्याओं पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र निवेशकों को एनओसी उपलब्ध कराने का कार्य किया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बी0 प्रसाद, अपर जिलाधिकारी (वि0धरा0) मनोज कुमार पाण्डेय, समस्त एसडीएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग अनूप कुमार श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आशीष कुमार, जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह सहित अन्य जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन को लेकर संयुक्त कर्मचारी परिषद का धरना



बांदा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के आह्वान पर केन्द्रीय कर्मचारियों के साथ जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी व जिला मंत्री रामकृष्ण त्रिपाठी के नेतृत्व मे एक दिवसीय धरनाध्रैली का आयोजन किया गया। जिसके तहत विकास भवन परिसर मे सभी कर्मचारियों ने एकत्र होकर एक सभा की। इसके बाद केन्द्रीय कर्मचारियों के साथ रेलवे मेन्स यूनियन के तत्वाधान मे प्लेटफार्म नं0–2 की तरफ सभी कर्मचारीध्अधिकारी पेंशनर एकत्र हुए जहां से मार्च निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। जिसमे एक सूत्रीय पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गयी। इस कार्यक्रम मे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिसर व रेलवे मेन्स के तत्वाधान मे विकास भवन कर्मचारी संघ, ग्राम विकास अधिकारी संघ, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, लेखपाल संघ, मत्स्य एवं शिशु कल्याण संघ, चकबंदी लेखपाल संघ, चकबंदी मिनि0 संघ, सफाई कर्मचारी संघ, डिप्लोमा इंजीनियर संघ, सिंचाई नलकूप चालक संघ, शिक्षक संघ आदि के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# सामयिक परिवेश अंतर्राष्ट्रीय पटल पर गजल प्रतियोगिता के परिणाम घोषित




सामयिक परिवेश अंतर्राष्ट्रीय पटल पर गजल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था,सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़ कर एक गजल अपने सुमधुर स्वर में गा कर भेजी,सभी को सामयिक परिवेश के यूट्यूब चौनल पर प्रसारित किया गया,एवं वोटिंग के आधार पर प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया।पहले स्थान पर डॉ.सुमन मेहरोत्रा रही उन्हें 1000रुपए एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया,,दूसरे स्थान पर सुषमा गर्ग रही उन्हें 500 रुपए एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया,,तीसरे स्थान पर किरण जैन रही उन्हें भी 250 रुपए एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।जिन्होंने भी कार्यक्रम में भाग लिया था,सभी को सम्मानपत्र से सम्मानित किया गया ।

सरस्वती वंदना सामयिक परिवेश की राष्ट्रीय समन्वयक सह उप संपादक सविता राज मुजफ्फरपुर बिहार ने बड़े ही सरस स्वर में गायी,संस्था की संस्थापिका,अध्यक्ष, संपादक ममता मेहरोत्रा बिहार ने अपने उद्बोधन से पटल को आह्लादित किया, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ.मीना कुमारी परिहार ने प्रभावी अंदाज में उद्बोधन दिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ.सुमन मेहरोत्रा ने बहुत ही शानदार उद्बोधन दिया,सविता राज मुजफ्फरपुर बिहार ने अत्यंत सुंदर अंदाज में संचालन किया,कार्यक्रम के विराम होने तक तक पटल पर सभी को जोड़ रखा । गजल प्रतियोगिता के परिणाम घोषित करने के बाद गूगल मीट पर गजल संध्या आयोजित की गई,कार्यक्रम में मीना कुमारी परिहार, डॉ.पूनम सिन्हा श्रेयसी,नीलम अग्रवाल,किरण जैन , डॉ.सुमन मेहरोत्रा एवं अन्य ने अपनी गजल सुमधुर स्वर में प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में संचालन कर रही सविता राज मुजफ्फरपुर बिहार ने अपनी रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का विराम किरण जैन के आभार ज्ञापन से हुआ।
सविता राज मुजफ्फरपुर बिहार

# वे मौसम बरसात और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई के लिए भाकियू अराजनैतिक ने जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन



भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने आगरा मंडल में बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे को लेकर जिलाधिकारी मथुरा को ज्ञापन सौंपा. जिसमें मांग की गई है कि किसान की पकी हुई सरसों और गेहूं व आलू की फसल सौ प्रतिशत बर्बाद हो चुकी है जिसके कारण किसान बर्बाद हो चुका है जिसकी भरपाई के लिए सूबे के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रति एकड़ पचास हजार रुपये मुआवजा देने की मांग की है। मंडल अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि मंडल के सभी जिलों में बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि के कारण किसानों की गेहूँ सरसों और आलू की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है जिसकी भरपाई के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन भेजकर प्रति एकड़ सभी किसानों को पचास हजार रुपये मुआवजा देने की मांग की है. ड्रोन या सेटेलाइट के माध्यम से किसानों की बर्बाद फसल का ईमानदारी से सर्वे कराया जाए और मुआवजा दिया जाए. किसानों पर बकाया बिजली बिल और किसान क्रेडिट कार्ड या अन्य किसी प्रकार के बकाया की बसूली फिलहाल नही की जाए. राजकुमार तौमर ने कहा कि अगर 15 दिन में किसानों की बर्बाद फसल का सर्वे कराकर मुआवजा नही दिया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक मंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारियों का घेराव करेगी।ज्ञापन के दौरान राजकुमार तौमर मंडल अध्यक्ष आगरा

# विधायक ने प्रवेश शुल्क न लिये जाने हेतु कमिश्नर को लिखा पत्र

बांदा। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने मंडलायुक्त को लिखे पत्र में अवगत कराया है कि कालिंजर दुर्ग में स्थित भगवान नीलकंठ मंदिर क्षेत्रीय लोगों की आस्था का केंद्र हैं। यहां तीज त्योहारों और प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन दर्शन पूजन और जलाभिषेक करने आते हैं। कालिंजर दुर्ग भारतीय पुरातत्व विभाग की देख–रेख में है और इनके द्वारा प्रति व्यक्ति 25 रूपये प्रवेश शुल्क लिया जाता है, जिससे स्थानीय नागरिकों को दर्शन पूजन करने में परेशानी होती है। साथ ही कमजोर व गरीब तबके के लोग मंदिर तक पहुंचने से वंचित रह जाते हैं जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। अनुरोध किया है कि कार्तिक पूर्णिमा मेला, महाशिवरात्रि, बसंत पंचमी सहित प्रत्येक सोमवार को कालिंजर दुर्ग में भगवान नीलकंठ के दर्शन पूजन आदि के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं से प्रवेश शुल्क न लिया जाय।

# चोरों का पता लगाने मे पुलिस नाकाम

बांदा। बीती 18 फरवरी को हरदौली गांव निवासिनी कंचनिया पत्नी स्वर्गीय प्रहलाद चंद्र कोतवाली बबेरू की अज्ञात चोरों द्वारा छत से आकर अलग–अलग कमरों मे रखा हुआ लगभग 50 हजार रुपये व सोने चांदी के आभूषण, पायल, बिछुवा, हार आदि चोरी कर लिया गया था। पीड़िता के अनुसार घर मे नाती आकाश व नातिन आकांक्षा सो रहे थे। सुबह जब दोनो जगे तो कमरों के दरवाजे के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा हुआ था। मुकामी पुलिस द्वारा अभियोग तो पंजीकृत किया गया है परंतु अभी तक किसी प्रकार की गिरफ्तारी पुलिस नही कर सकी है। पीड़िता ने पुलिस से चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# लेखपाल से पैसे वापस दिलाने की शिकायतकर्ता ने की मांग

बांदा। बबेरू तहसील अंतर्गत गांव जलालपुर मे पैमाइस के नाम पर हल्का लेखपाल नरसिंह नारायण के द्वारा भू–स्वामी से 10 हजार रुपये रिश्वत लिया गया। तमाम प्रार्थनाओ के बाद पीड़ित रामबिहारी पुत्र शिवगुलाम जिलाधिकारी के यहां फरियाद करने आया। जिलाधिकारी ने एसडीएम बबेरू को विभागीय आख्या तीन सप्ताह के अंदर देने को कहा। शिकायतकर्ता रामबिहारी ने कहा है कि वो गरीब व्यक्ति है, उसकी मां कहीं से 10 हजार रुपये मांग कर लायी थी जो हल्का लेखपाल को दे दिया था। यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने के नाम पर भी काफी रकम दी गयी है और लेखपाल ने कहा कि उसके खाते मे एक महीने मे पैसे आ जाएंगे। इस बावत संबंधित कानूनगो ने कहा कि लेखपाल की तनखाह आने पर पैसा वापस दिला दिया जाएगा। इसके विपरीत लेखपाल के द्वारा प्रार्थी को फंसाने की साजिश की जा रही है।

# डीसीपी काशी जोन द्वारा जैतपुरा थाने का किया गया वार्षिक निरीक्षण



वाराणसी थाना जैतपुरा का वार्षिक निरीक्षण किये जाने हेतु मंगलवार को आर0एस0 गौतम पुलिस उपायुक्त काशी जोन थाना जैतपुरा पहुँचे सर्वप्रथम गार्द सलामी लेते हुए इनके द्वारा थाने के प्रशासनिक भवन, बैरक, आवास एवं भोजनालय व थाना परिसर का भ्रमण किया गया तथा आवश्यक साफ–सफाई हेतु प्रभारी निरीक्षक जैतपुरा एवं हेड मुहर्रिर को निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त थाने के अभिलेखों, रजिस्टर इत्यादि को चेक किया गया तथा थाने पर नियुक्त आरक्षीगण व उप–निरीक्षणगण के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी के दौरान उपस्थित कर्मचारीगणों की समस्या सुनी गयी तथा महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सरकार द्वारा प्रचलित योजनाओं यथा महिला सशक्तिकरण, महिला हेल्प डेस्क, महिला हेल्प लाइन 1090, के कर्तव्यों से अवगत कराते हुए आम जनमानस में जागरुकता लाये जाने हेतु सभी को निर्देशित किया गया तथा महिला अपराधों तथा साइबर क्राइम पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में समस्त कर्मियों को निष्ठाध्सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किये जाने हेतु बताया गया। महिला आरक्षियों को यह भी निर्देश दिया गया कि अपने–अपने बीट क्षेत्र में जाकर स्कूल ध कॉलेज के पास एण्टीरोमियों के तहत चेकिंग करें, व महिलाओं को एकत्र कर उनकी समस्याओं को जाने व उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करें जिससे नाबालिग बच्चे बच्चियों के अपराधों में कमी लायी जा सके तथा बीट आरक्षियों को निर्देशित किया गया की अपने बीट क्षेत्र में सतर्कता के साथ भ्रमणशील रहे तथा क्षेत्र के माफिया ध अपराधी किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित करें एवं इसकी सूचना अपने बीट प्रभारी ध थानाध्यक्ष बताते हुए अपने बीट बुक में दर्ज करते हुए अन्तर्गत धारा 107ध116 सीआरपीसी की कार्यवाही करे तथा पाबन्द कराये, उलंघन करने पर अन्तर्गत धारा 122 सीआरपीसी की कार्यवाही करें ताकि अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके । तथा क्षेत्र में शांति ध कानून व्यवस्था को सुदृढं बनाये रखने हेतु यह भी निर्देशित किया गया कि थानाप्रभारी व समस्त उप निरीक्षकगण मय पुलिस फोर्स के नियमित पैदल गस्त करेंगे व जनता के साथ संवाद स्थापित करेंगे।


आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पैजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,

# नहीं बाज आ रहे खालिस्तान समर्थक, लंदन में फिर किया भारतीय उच्चायोग के सामने प्रदर्शन

फरार अमृतपाल सिंह के समर्थन में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेट्रोपोलिटन पुलिस मौजूद थी। इससे पहले बीते रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग पर से राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की गई और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया था। फरार अमृतपाल सिंह के समर्थन में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेट्रोपोलिटन पुलिस मौजूद थी। इससे पहले बीते रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग पर से राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की गई और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया था। फरार अमृतपाल सिंह के समर्थन में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेट्रोपोलिटन पुलिस मौजूद थी। इससे पहले बीते रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग पर से राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की गई और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया था।



फरार अमृतपाल सिंह के समर्थन में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेट्रोपोलिटन पुलिस मौजूद थी। इससे पहले बीते रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग पर से राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की गई और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया था। फरार अमृतपाल सिंह के समर्थन में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेट्रोपोलिटन पुलिस मौजूद थी। इससे पहले बीते रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग पर से राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की गई और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया था। फरार अमृतपाल सिंह के समर्थन में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेट्रोपोलिटन पुलिस मौजूद थी। इससे पहले बीते रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग पर से राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की गई और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया था। फरार अमृतपाल सिंह के समर्थन में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेट्रोपोलिटन पुलिस मौजूद थी। इससे पहले बीते रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग पर से राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की गई और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया था। फरार अमृतपाल सिंह के समर्थन में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेट्रोपोलिटन पुलिस मौजूद थी। इससे पहले बीते रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग पर से राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की गई और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया था। फरार अमृतपाल सिंह के समर्थन में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शन किया।

# आईएमएफ हुआ नाराज,



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसका पाकिस्तान के लिए तुरंत ऋण की किस्तें जारी करने का कोई इरादा नहीं है। आईएमएफ ने मंगलवार को कहा कि ऋण पाने के लिए अभी पाकिस्तान को कई और कदम उठाने होंगे। आईएमएफ पाकिस्तान के लिए 6.5 बिलियन डॉलर का ऋण मंजूर कर चुका है। लेकिन ऋण की किस्तें पाने के लिए उसने जो शर्तें लगाई हैं, पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार उन पर पूरा अमल नहीं कर पाई है। इस बीच उसके एक कदम ने आईएमएफ को नाराज कर दिया है।

विश्लेषकों के मुताबिक आईएमएफ के ताजा बयान के बाद पाकिस्तान सरकार पर अपने मित्र देशों से सहायता जुटाने का दबाव और बढ़ गया है। पाकिस्तान डिफॉल्ट ना करे (कर्ज चुकाने में अक्षम ना हो) इसके लिए उसे तुरंत अतिरिक्त विदेशी मुद्रा की जरूरत है। विश्लेषकों ने इस तरफ भी ध्यान दिलाया है कि पाकिस्तान दक्षिण एशिया में अकेला ऐसा देश है, जिसे ऋण देने में आईएमएफ की हिचक अभी तक बनी हुई है। जबकि वह बांग्लादेश और श्रीलंका के लिए कर्ज जारी करने का फैसला कर चुका है।

पाकिस्तान स्थित आईएमएफ की प्रतिनिधि एस्टर पेरेज रुइज ने कहा है– 'कुछ बिंदुओं के निपटारे के बाद पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए स्टाफ लेवल (कर्मचारी स्तर का) करार हो सकता है।' पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशहाक डार ने पिछले हफ्ते कहा था कि आईएमएफ चाहता है कि पाकिस्तान को जिन देशों ने वित्तीय मदद देने का वादा किया है, आईएमएफ के ऋण देने से पहले वे अपने वादे पर अमल करें। सरकारी सूत्रों ने ध्यान दिलाया है कि अगले जून तक ऋण चुकाने के लिए पाकिस्तान सरकार को चार बिलियन डॉलर की अतिरिक्त विदेशी मुद्रा की जरूरत होगी। आईएमएफ की शर्तों के मुताबिक पाकिस्तान सरकार ने कई सख्त कदम उठाए हैं। उनमें टैक्स बढ़ाना और ऊर्जा शुल्क में वृद्धि शामिल हैं। लेकिन पिछले दिनों शहबाज शरीफ सरकार ने अचानक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के मालिकों के लिए पेट्रोलियम सब्सिडी का एलान कर दिया। उसके इस कदम से आईएमएफ नाराज हुआ है। रुइज ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान सरकार ने यह कदम उठाने के पहले आईएमएफ को इसकी जानकारी नहीं दी।

पेरेज ने कहा– 'आईएमएफ के कर्मचारी अब इस कदम के बारे में जानकारी इकट्ठी कर रहे हैं। वे इस पर अमल के तरीके, लागत, लाभार्थियों आदि के बारे में सूचना जुटा रहे हैं। वे जानना चाहते हैं कि इस योजना को लागू करने में धोखाधड़ी और दुरुपयोग से कैसे बचा जाएगा और इस पर जो खर्च आएगा उसकी भरपाई कैसे होगी। आईएमएफ के अधिकारी इस बारे में पाकिस्तान के अधिकारियों से बातचीत करेंगे।' कराची स्थित आरिफ हबीब कंपनी में अनुसंधान विभाग के प्रमुख ताहिर अब्बास ने अखबार द न्यूज से बातचीत में कहा कि पेट्रोलियम सब्सिडी का एलान करने के पहले सरकार को आईएमएफ को भरोसे में लेना चाहिए था। उन्होंने कहा– 'इस सब्सिडी का परिणाम यह सकता है कि आईएमएफ का ऋण प्रोग्राम शुरू होने में और देर हो जाए।' विश्लेषकों के मुताबिक सरकार ने यह कदम उस समय उठाया, जब आईएमएफ से बातचीत चल रही है। इससे आईएमएफ के अधिकारियों को यह महसूस हुआ है कि उन्हें जानबूझ कर अंधेरे में रखा गया है।


JJ MEDIA NEWS

झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे कार्य करने हेतु लोगो की आवश्यकता है

संपर्कः- 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290

